गेहूं को ठीकरे में धरकर अधजले करले पीछे इन्हें महीन [illegible] तीन तोले लेकर उसमें छः तोला शहत मिलाकर सात [illegible] वक्त नित्य चाटे तो टूटे हाड़ निश्चय अच्छे होंय।

❀ अथवा ❀

[illegible] आमला [illegible]

पानी में महीन पीस उस जगह लेपकरै और इसमें घृतभी मि-
लावैतो टूटा हुआ हाड़ और टूटी संधी ये सब अच्छे होजातेहैं।

❀ अथवा ❀

मनुष्य के मांसकी चोखी मिमाई अनुमान माफिकले और
शहत मिलाकर उसे चटावै तो टूटा हाड़ अच्छा होय।

❀ अथवा ❀

चोट वाले मनुष्य को मांसका शोरवा, दूध, घृत पुष्टाई
की औषधि देना अच्छाहै और चोटवाले मनुष्य को इतनी
चीजों से परहेज करना चाहिये सो लिखते हैं।
नमक, कड़वी वस्तु, खार, खटाई, मैथुन, धूप में वैठना
रूखे अन्नका खाना इन चीजों से परहेज़ जरूर करना चाहिये
बालक और तरुण पुरुष के लगी हुई चोट जल्दी अच्छी
होजाती है और वृद्ध मनुष्य रोगी मनुष्य तथा क्षीण मनुष्य
की चोट जल्दी अच्छी नहीं होती।

अथवा—लाख १॥ तोले लेकर महीन पीस गौके दूध के
साथ पंद्रह दिन पीवै तो टूटा हाड अच्छा होजाताहै।

अथवा--पीली कौडियों का चूनादो तथा तीन रत्ती औटाये
हुए दूध में पिये तो टूटा हाड़ जुड जाता है।

अथवा—वेरका वक्कल, त्रिफला, सोंठ, मिरच, पीपल
इन सबको बराबर ले और इन सबकी बराबर गूगल डाल
सबको एक जांव कर एक एक तोले नित्य १८ दिन तक
दूध के साथ ले तो शरीर वज्र के समान हो जायगा और
शरीर की सब वेदना जाती रहेगी।

अथवा—वेरका वक्कल १ तोले महीन पीस शहत

मिलाय एक महीने तक चाटै तो शरीर की सब प्रकार की चोट और टूटी हड्डी अच्छी होजायगी और शरीर बज्र के समान होजायगा ।

और जो किसी मनुष्य के मुगदर आदि किसी तरह की चोट लगी होय उसके वास्ते यह दवा बहुत फायदा करतीहै।

नुसखा

मेथी, मेदा लकड़ी, सोंठ, आंवला, इन सबको महीन पीस गो मूत्र में मिलाय जहां चोट लगी होय वहां लेप करै तो चोट अच्छी होय ॥ और जो किसी मनुष्य को पशु ने मारा हो तथा किसी ऊंचे मकान से गिरा हो तथा भीत आदि के नीचे दबजाय और इस कारण से घायल होगया हो तो उस पर यह लेप लगाना चाहिये ॥

लेपकी विधि

पुराना खोपड़ा, आंबाहल्दी, मेदालकड़ी, कालेतिल, सफेद मोम, ये सब दवा एक २ तोले पीसकर चोट पर लेप करै और जो उसपर घाव आगया होतो पहिले कहे हुए मरहमों का फाया बनाकर लगावे ॥

अथवा-प्याज एक तोले, गेहूंकी मेदा २ तोले, प्रथम प्याज को छील उसकी मींगी निकाल कर तेल में छोंकले; फिर उस में मेदा को डाल थोड़ा पानी मिलाकर लपरी बनावे और चोट को सेके फिर इसी को बांधे तो चोट अच्छी होय ॥

और जाड़े के दिनों में शीतकाल में घी बासन में जम जाता है उसके निकालनेसे हाथके नखों में घी की फांस लगजाती है और हाथ पकजाता है तो उसकी चिकित्सा यह है कि

पहले हाथको आग पर सेके फिर यह दवा लगावैः-

❀ नुसखा ❀

अजवायन खुरासानी, भैंसा गूगर, बिलायती साबुन, सैंधा नमक, गुड़ ये सब बराबर ले पानी में महीन पीस, जब मरहम के सदृश होजावै तब उस घावपर लगावै और इससे आराम न होतो यह मरहम लगावै।

❀ नुसखा ❀

साबुन, गुड़, गेंहू की मैदा एक २ तोले पानी में पीस इनका फाया बनाकर लगावै, और इसके ऊपर एक पान गरम कर के बांधे और सेके और जो घाव अच्छा हो और पानी निकलना बंद न होता हो तो नीचे लिखा तेजाब लगाकर घाव को चौडा करै।

❀ नुसखा तेजाब ❀

गंधक दो तोले, नीलाथोथा दो तोले, फिटकरी सफेद दो तोले; नौसादर दो तोले, इन सबको महीन पीसकर आध-पाव दही में मिलाकर एक हांडी में भरकर चोयेके सदृश तेजाब खेंचे और एक बूंद घावपर लगावै तो घाव गहराहो जायगा पीछे इसपर वही मरहम लगावै जो तेजाबके नुसखे से पहले लिखा है॥

यहां तक सब घावों का इलाज तो लिखा जा चुका है परंतु अब दो चार नुसखे मरहम के यहां इकट्ठे लिखे जाते हैं ये मरहम सब प्रकार के घावों का फायदा करती है॥

❀ मरहम १ ❀

राल एक पैसे भर; सफेदमोम दो पैसे भर, मुर्दासंग एक पै

भर, इन सबको महीन पीसकर रक्खे प्रथम गौका घृत ३: पैसेभर लेकर गरमकरै फिर उसमें मोमडाले जब मोम पिघल जाय तब सब दवाइयोंको मिलावै फिर इसको कांसी की थाली में डालकर १०८ बार पानी में धौवे पीछे इसको घाव पर लगावै तो सब प्रकार के घाव अच्छे होंय इसको सफेद मरहम कहते हैं ॥

मरहम २

शोधा हुआ पारा १ तोले, आंवलामार गंधक एक तोले; मुर्दासिंग दो तोले, कबेला चारतोले, नीलाथोथा ४ माशे गौका घृत पावभर और नीमके पत्तों का रस अनुमान माफि डाल कर इन सबको मिलाकर दो दिन तक खूब पीसे जब मरहम के सदृश होजाय तब घावपर लगावै तो सब प्रकार के घाव अच्छे होंय ॥

मरहम ३

सफेद मोम; मस्तंगी, गोंद, मैंढल; नीलाथोथा, सुहागा [illegible]. सिंदूर.कबेला मुरदासंग.गुगल,कालीमिर्च. सोन गेरू [illegible], [illegible], सफेदा, सिंगरफ,शोधी गंधक, ये सब दवा [illegible], घृत और मोम को छोड़कर सब दवाओंको न्यारी महीन पीसकर रक्खे प्रथम घृत को गरमकर उसमें मोम पिघलावे फिर सब औषधियों को मिलाय खरल में गेर दोदिन तक खूब घोटे जब एक जीव होजाय तब धर रक्खे और घाव पर लगावे ये मरहम चोट के घाव, शस्त्रादिक के घाव, फोड़े [illegible] के घाव, और सब प्रकारके घावोंको फायदा करता है ॥

❀ मरहम ४ ❀

नीलाथोथा, मुरदासंग, सफेदा, खैरसार, सिंगरफ, मोम, केसर; गौका घृत ये सब बराबर ले फिर घृतको गरमकर, नीचे उतार, इसमें पहिले; नीलाथोथा पीसकर डाले, पीछे उसी समय उसमें मोम डालकर पिघलायके फिर इसमें सब औषधि महीन पीसकर डाले इन सबको एकजीव कर कांसे की थालीमें डालै, और उसमें ज्यादापानी डालकर एक दिनभर हथेली से रगड़े फिर इसको घावोंपर लगावै तो सब प्रकार के घाव अच्छे होंय ॥

❀ मरहम ५ ❀

सिंगरफ तीन पैसेभर, सफेदमोम, तीन पैसे भर, नीमके पत्ते की टिकिया तीन पैसे भर; मुर्दासंग १ पैसे भर प्रथम घृत को औटाय उसमें नीमकी टिकिया पकाकर उन टिकियों को जलाकर फेंकदे फिर उस घृतमें मोमको पिघलावै फिर सब औषधियों को महीन पीसकर मिलावै जब मरहम के सदृश होजावै तब लगावै तो घावमात्र अच्छे होंय ॥

❀ मरहम ६ ❀

जिस मनुष्य के हाथपावों में बिवाई फटीहो उसके वास्ते ये मरहम अच्छा है ॥

राल एक पैसे भर, कत्था १ पैसेभर, चमेलीका तेल चार पैसे भर, कालीमिर्च १ पैसेभर, गौका घृत दोपैसे भर, इन सबको महीन पीसकर लोहेके करछले में मरहम बनावै पीछे इसको लगावै तो हाथपांवों की बिवाई अच्छी होंय ।

❀ मरहम ७ ❀

नीमके पत्तोंका रस एकसेर ले और गौका घृत ले प्रथम घृतको लोहे के बरतन में गरमकर उसमें नीम के पत्तों का रस मिलावै जब ये दोनों खूब गरम होजांय उसमें राल चार पैसे भर डालकर पिघलावै जब वह पत्तों का रस जल जाय और गाढ़ा होजाय तब कत्था एक पैसे भर, नीलाथोथा १ पैसेभर, मुरदासंग एक पैसे भर इन सबको महीन पीसकर उसमें डाल एक जीव कर, पीछे कपड़े में लगाय घाव के ऊपर लगावै तो घाव निश्चय अच्छा होय।

❀ मरहम ८ ❀

रांगकी भस्म छः माशे, सफेदमोम एक तोले, गुलरोगन दो तोले, इन सबको पीसकर गुलरोगनमें मरहम बनावै और घाव पर लगावै तो घावको बहुत जल्दी सुखा देती है।

❀ मरहम ९ ❀

जिस घाव में पानी निकला करता है उसके लिये यह मरहम लगाना अच्छा है:—

गूगल चार माशे, रसौत १ माशे, इन दोनों को पानी में खूब घोटै पीछे चार माशे, पीलामोम मिलाके घोटके मरहम बनावै और घावपर लगावै तो घाव से पानी निकलना बंद होय

❀ मरहम १० ❀

[illegible] पाव भर, गूगल पांच माशे, इन दोनों को चार तोले सरसों के तेलमें घोटकर एक तोले पीला मोम मिलाके आग पर धरै, और [illegible] जरावन्द तवील, [illegible] पांच पांच माशे चूर्न करके मिलावै

और जिस किसी फोड़े को शीघ्र पकाया चाहे वहां इसी मरहम में गुलखतमी और उसके पत्ते दो दो तोले लेकर महीन पीसकर मिलावे और गुनगुना करके फोड़े पर लगावे तो फोडे को बहुत जल्दी पकाकर फोड देगा ।

❀ मरहम ११ ❀

मीठा तेल, और कूएका पानी पांच पांच तोले मिलाकर कसकुट के पात्र में हाथ से खूब घोटे कि मही के तुल्य होजावे पीछे फिटकरी, लीलाथोथा; लाल कत्था. सफेद राल, सवा सवा तोले महीन पीसकर उसमें मिलावै और हथेली से खूब रगडे जब मरहम के समान होजाय तो चीनी के बर्तन में रख देवै और जब इस मरहम को काममें लावे तब नमक की पोटली से घावको सेककर यह मरहम लगावे बन्दूक की गोली के घावको नासूर के घावको और बुरे २ वादी आदि के घावों को अच्छा करता है ।

❀ मरहम १२ ❀

आध पाव कडवे तेलमें पांच तोले पीलामोम पिघलाके उसमें एक तोले विराजा पिलाके पीछे दो तोले सफेद राल फिटकरी भुनी छः माशे, मस्तगी छः माशे इनका भी चूरन करके मिलावे और खूब घोटके मरहम के सदृश बनाकर घावों पर लगावै तो सब प्रकार के घाव अच्छे होंय ।

❀ अण्डकोषों के छिटक जाने का यत्न ❀

जानना चाहिये कि फतक रोग अण्डकोषों के बढ़ जाने को कहते हैं और यह रोग अंडकोषों में तीन प्रकार से होता है एकतो यही कि किसी प्रकार चोट लग जाने से

भीतर फोता वढ़ जाताहै उसकी चिकित्सा में बहुत से और वफारे काम आते हैं और यह रोग इस औषधि बहुत शीघ्र आराम होजाता हैः—

❀ नुसखा ❀

हरी सोंफ, सूखीमकोय, खुरासानी अजमायन, फुल, मूरिद के बीज; गेरू ये सब दवा एक २ तोले ले सबको पानीमें पीसकर रक्खे और इसके पहिले फोतों पर सोये के सागका वफारा देकर यह लेप जो बना रक्खा है लगावे और फिर ऊपरसे वही साग बांधे जिसका बफारा दिया गया है इस पर पानी न लगने दे ।

एक कारण इस रोग के होने का यह है कि पहिले किसी की प्रकृति में तरी और सरदी की विशेषता होती है। इस से प्रत्येक जोड़ में बादी उत्पन्न होजाती है और पेटके सब अवयवों को बादी भरपुर कर भीतर से फोते को वढा देती है तो अज्ञान लोगोंसे उसकी चिकित्सा को पूछते फिरते हैं। और किसी उत्तम जर्राह से नहीं पूछते कि वह फस्द या जुल्लाब बतलावे या कोई लेप तथा वफारा बतावै बहुत से मूर्ख लोग उसको तमाखू के पत्ते तथा टेसू के फूल बतला देते हैं उन दवाइयों के करने से रोग और भी बढ़जाता है इस लिये उचित है कि हकीम या जर्राह रोगी की प्रकृति के अनुसार इलाज करे और पहिले फस्द खुलवावै अथवा जुल्लाब देवे और यह लेप करैः—

❀ नुसखा ❀

नाखूना, सूखी मकोय, कछुए के अण्डे की जर्दी ४ नग,

हरी सौंफ मूसेकी मैंगनी एक तोले, इन सबको पानी में
पीस कर गरम करके लगावे और जो जर्राह की राय हो
तो पहिले बफारा देवे जिसकी यह दवा है:—

नुसखा ।

सायेके बीज, सायेके पत्ते, चमेलीके पत्ते इमलीके पत्ते हरी
मकोय, पित्त पापड़ा, इनको दोदो तोले लेकर पानी में औ-
टाकर बफारा देवै, इसका फोक बांधे जो कुछ आराम दीख
पडेतो यही करता रहे और जो इससे आराम न हो तो यह
बफारा देवै:—

❀ नुसखा ❀

संभालू के पत्ते; सूखे महूवे; दो दो तोला इन दोनोंको जल
में औटाकर बफारा देवै, और ऊपरसे इसीका फोक बांध देवै
तीसरा कारण इस रोगका यह है कि बहुतसे मनुष्य जल
पीकर दौड़ते हैं और यह नहीं जानते कि इसमें क्या हानि
होगी यह काम बहुतही बुरा है और इसके सिवाय एक बात
यह है कि किसी मनुष्य की प्रकृति में स्तूबत अर्थात् तरी
अधिक होता है और ज्वरकी विशेषतामें कोई मनुष्य पानी
रुककर पीता है और कोई अधिक जल पीता है इस बहुत
जल पीनेसे दो वा तीन रोग उत्पन्न होतेहैं एकतो यह कि
नले चढजाते हैं और दूसरा यहकि पोतों में पानी उत
आता है तीसरा यहकि तिल्ली चढ़जाती है ऐसा करने
कभी २ फोते चढ़जाते हैं इसकी चिकित्सा हकीमोंने बहु
पुस्तकों में लिखी है और हमारे मित्र डाक्टर साहबने
की चिकित्सा इस प्रकारसे लिखीहै कि पहिले इसमें न

देवे और उसका सब पानी निकाल कर घावमें कोई ऐसी औषधि लगावें कि घाव बहता रहै और सात आठ दिनके अनन्तर अच्छा होने का मरहम लगावे और यह दवाई खिलावे क्योंकि भीतरसे पानीका विकार दूर होवे तो घाव सूखकर जल्दी अच्छा होजाता है और फिर कभी रोग उभर ने नहीं पाता और वह खाने की दवाई यह है ।

❀ नुसखा ❀

कुदरूगोंद, बंसलोचन लीला, जहर मोहरा, खताई, केशर, रीठा, मुलहठी, ये सब दवा एक २ तोले, अलसी छःमाशे ख- तमीके बीज छः माशे, इन सबको पीसकर चार माशे सवेरे खिलावे और ऊपर से एक तोला शहत और चार तोले पानी मिलाकर नित्य पिलावे ।

यह रोग इस कारण से भी होता है कि किसी मनुष्यके सोजाक होता है इससे उसकी इन्द्री में पिचकारी लगानी पड़ती है तो फोतों में पानी उतर आता है और वह पानी फोतों के भीतर तेजाब के समान मांसको काटता है जब वह मनुष्य सीधा सोता है तो पानी पेडूकी ओर रुकता है तो इससे भीतर का मांस कटजाने से आंतें उतर आती हैं फिर यह रोग असाध्य होजाता ॥

और यह रोग इस कारण से भी होता है कि कोई मनु- ष्य भोजन करके और जल पीकर यत्न करे या किसी से लड़े अथवा दीवाल पर चढ़े और कूदपड़े इनके सि- वाय और भी निदान कारण हैं कि जिनसे आंतें उतर आती हैं और कि [illegible] गर्मी भी होती है फिर मनुष्य के

चलने फिरनेसे कुछ दिनों के पीछे वह आंत फोतामे उतर आती है जब वह मनुष्य सोता है तो वही आंतें पेट में चली जाती हैं और उठते बैठते तथा लेटते समय उसका शब्द होती है उस रोगकी चिकित्सा यह है कि एक लंगोट वा अंग्रेजी फीता जिसका नाम ट्रस है, और जिसके एक तथा दोनों सिरोंपर घुंडी होती है बांधा करें. अथवा वे उपाय करें जो पानी के कारण फोता के प्रकरण में वर्णन कर आये है उस से बहुत लाभ होगा ।

❀ सफेद दाग का यत्न ❀

जिस मनुष्य के शरीर में फोडा तथा शस्त्रादिक के घाव हुए हों और वे मरहम आदि के लगाने से अच्छे हो गये हों फिर उन घावोंके निशान सफेद होगये हों तो उसके यह औषधि लगानी चाहिये।

❀ नुसखा ❀

मैनसिल, मजीठ, लाख, दोनों हल्दी ये सब दवा बराबर ले महीन पीस घृत और शहद मिलाय दाग के ऊपर लेप करे तो घावका चिह्न मिटकर शरीर की त्वचा के समान होजाय

❀ छीप और झांई का यत्न ❀

जो किसी मनुष्य के मुख छाती या शरीर पर किसी जगह सफेदी लिये दाग होतो बहुतसे मनुष्य उसकोबनरफ़ अथवा छीप कहते हैं उसका यत्न यह है ।

❀ नुसखा ❀

सफेद सनाय. ककरोंदा की जड़, मूली के बीज, चौलिया सुहागा कच्चा, इन सबको जलमें पीसकर लेपकरे और जो उससे आराम न हो तो यह दवा करे ।

देवे और उसका सब पानी निकाल कर घावमें कोई ऐसी औषधि लगावे कि घाव बहता रहै और सात आठ दिनके अनन्तर अच्छा होने का मरहम लगावे और यह दवाई खिलावे क्योंकि भीतरसे पानीका विकार दूर होवे तो घाव सूखकर जल्दी अच्छा होजाता है और फिर कभी रोग उभर ने नहीं पाता और वह खानेकी दवाई यह है ।

❀ नुसखा ❀

कुंदरूगोंद, बंसलोचन लीला, जहर मोहरा, खताई, केशर, रीठा, मुलहठी, ये सब दवा एक २ तोले, अलसी छःमाशे [illegible] के बीज छः माशे, इन सबको पीसकर चार माशे सवेरे खिलावे और ऊपर से एक तोला शहत और चार तोले पानी मिलाकर नित्य पिलावे ।

यह रोग इस कारण से भी होता है कि किसी मनुष्यके सोजाक होता है इससे उसकी इन्द्री में पिचकारी लगानी पड़ती है तो फोतों में पानी उतर आता है और वह पानी फोतों के भीतर तेजाब के समान मांसको काटता है जब वह मनुष्य सीधा सोता है तो पानी पेड़ूकी ओर रुकता है [illegible] कटजाने से आंतें उतर आती हैं तब यह रोग असाध्य होजाता ॥

और यह रोग इस कारण से भी होता है कि कोई मनु- [illegible] और [illegible] पीकर [illegible] करे या किसी से [illegible] पर चढ़े और कूदपड़े इनके [illegible] और [illegible] कारण है कि जिनसे आंतें [illegible] भी होती है फिर मनुष्य [illegible]

चलने फिरनेसे कुछ दिनों के पीछे वह आंत फोताम उतर
आती है जब वह मनुष्य सोता है तो वही आंतें पेट में चली
जाती हैं और उठते बैठते तथा लेटते समय उसका शब्द
होती है उस रोगकी चिकित्सा यह है कि एक लंगोट वा
अंग्रेजी फीता जिसका नाम ट्रस है और जिसके एक तथा
दोनों सिरोंपर घुंडी होती है बांधा करें अथवा वे उपाय करें
जो पानी के कारण फोता के प्रकरण में वर्णन कर आये हैं
उस से बहुत लाभ होगा ।

❀ सफेद दाग का यत्न ❀

जिस मनुष्य के शरीर में फोडा तथा शस्त्रादिक के घाव
हुए हों और वे मरहम आदि के लगाने से अच्छे हो गये
हों फिर उन घावोंके निशान सफेद होगये हों तो उसके यह
औषधि लगानी चाहिये ।

❀ नुसखा ❀

मैंनसिल, मजीठ, लाख, दोनों हल्दी ये सब दवा बराबर
ले महीन पीस घृत और शहद मिलाय दाग के ऊपर लेप
करे तो घावका चिह्न मिटकर शरीर की त्वचा के समान होजाय

❀ छीप और झांई का यत्न ❀

जो किसी मनुष्यके मुख छाती या शरीर पर किसी जगह
सफेदी लिये दाग होतो बहुतसे मनुष्य उसकोबनरफ अथवा
छीप कहते हैं उसका यत्न यह है ।

❀ नुसखा ❀

सफेद सनाय, करोंदा की जड़, मूलीके बीज, चौकिया
सुहागा कच्चा, इन सबको जलमें पीसकर लेप करे और जो
उससे आराम न हो तो यह दवा करे ।

❀ नुसखा ❀

मूलीके बीजों को पानीमें पानीमें पीसकर लगावै और धूपमें बैठे इसी प्रकार सात दिन करै ।

❀ सूचना ❀

विदित होकि इस पुस्तकमें मैंने फोड़ा फुन्सी शस्त्रादिक के घाव आदि अनेक रोगोंके यत्न यथा क्रमसे लिखे हैं परन्तु आंख बनाने की विधि और हड्डी जोड़ने की विधि और और नस्तर के उस घावको जो चार अंगुल गहरा हो और उस घावको जो सवेरे हुआ और सायंकाल को अच्छा हो गया और गोलीके लगने की वहविधि कि जिससे घाव बीगा न जावै और गोली निकल आवै ये इलाज मैंने इस पुस्तक में इस वास्ते नहीं लिखे कि ये काम बिना उस्ताद से सीखे नहीं आते क्योंकि ये काम बहुत कठिन है परन्तु इस पुस्तक में हरएक प्रकार के फोड़ों का इलाज लिखा है इस वास्ते मुझको निश्चय है कि इस पुस्तकको हरएक गृहस्थी गरीब तथा अमीर अपने २ घरमें रक्खेंगे क्योंकि इससे बहुत लाभ होगा और कदाचित इसमेंवेरोग जिनकोहम लिख चुके हैं सो लिख देते और कोई मनुष्य उनको ठीक देखे बिना समझे इलाज करता और उस रोगी को हानि होती तो उस पापका भागी मुझको भी होना पड़ता क्योंकि ये नेत्रादिक के स्थान बड़े कोमल होते हैं और उस विचार से यह भी बात प्रत्यक्ष है कि इस सब शरीर में सुन्दर होता है इस कारण हरएक मनुष्य को नेत्रका इलाज करना मुनासिब नहीं है और नेत्र रोग का इलाज

चतुर डाक्टर तथा जर्राह को ही करना उचितहै। तो भी
कुछ वर्णन इसका अन्य भाग में लिखेंगे जिससे मनुष्य
सावधान रहकर रोगों से बचे रहें।

❀ फस्द का वर्णन ❀

अब फस्दका वर्णन किया जाता है मनुष्यों को उचित है
कि निराहार होकर फस्द खुलवावे अब फस्द खोलने की
तारीखों के गुणागुण लिखते हैं; दूसरी तारीख को फस्द
खुलवानेसे मुखका पीलापन दूरहोता है ॥२॥
तीसरी तारीख को फस्द खुलवानेसे मुखपर पीलापन छा
जाता है ॥ ३ ॥
चौथी तारीखको फस्दसे शरीर के दाग धब्बेदूर होजातेहैं॥४॥
पांचमी तारीख को फस्द खुलवानेसे मनुष्य प्रसन्नरहताहै।५।
छटी तारीखको मुखकी जोति तेज होती है ॥ ६ ॥
सांतवी तारीख को शरीर मोटा होता है ॥ ७ ॥
आठवीं तारीखको शरीरमे निर्बलता उत्पन्न होती है ॥८॥
नवीं तारीख को शरीर में खुजली होजाती है ॥ ९ ॥
दशवीं तारीख में बल होता है ॥ १० ॥
ग्यारहवीं तारीख में कंपन वायु दूर होती है ॥ ११ ॥
बारहवीं तारीख को फस्द खुलवाना निषेध है ॥ १२ ॥
तेरहवीं तारीख को शरीर में पीड़ा उत्पन्न होती है ॥ १३ ॥
चौदहवीं तारीखको नींद नष्ट हो जाती है ॥ १४ ॥
पन्द्रहवी तारीखको बीमारी नहीं होती ॥ १५ ॥
सोलहवी को बाल सफेद नहीं होता ॥ १६ ॥
... अप्रसन्न नहीं होता ॥ १७ ॥

शुक्रवार को फस्द खुलवाना भी जनून रोग को उत्पन्न करता है ॥

❀ फस्द के नाम ❀

और जिन नसोंकी फस्द खोली जाती है उन प्रसिद्ध नसों के नाम लिखते हैं । कीफाल १, वासलीक २, अक्हल ३, हवलुल जरा ४, असीलम ५, साफन ६, अर्कुन्निसा ७, ये सात हैं ॥

प्रगटहो कि जो लोग प्रतिवर्ष फस्द खुलवाते वा जुल्लाव लेतेहैं तो उनको अभ्यास वेसाही पड़जाता है और यह अभ्यास अच्छा नहीं और फस्द का न खुलवाना उत्तम है, क्योंकि वर्षकी असल ऋतु तीन हैं और रुधिर भी तीन प्रकार का होता है ॥ जो फस्द खुलवाने की आवश्यकता होतो शीतकाल में मध्याह्न के समय खुलवावै कि ऋतु में रुधिर चक्कर में होता है फिर ठहर जाता है और कोई २ हकीम यों भी कहते हैं कि रुधिर जमजाता है ॥ सो बात झूठ है क्योंकि जो मनुष्य के शरीर में रुधिर जमजावै तो मनुष्य जी नहीं सक्ता किन्तु भीतर गरमी होती है और रुधिर निकलने में यह परीक्षा नहीं होती कि यह रुधिर अच्छा है वा बुरा और उस समय में फस्द खुलवाने से मनुष्य दुर्बल होजाता है क्यों कि बुरे रुधिर के साथ अच्छा रुधिर भी निकलता है और ग्रीष्म काल में रुधिर पृथक् २ होता है इस ऋतु में संध्याके समय फस्द खुलवाना उचित है और सदों [illegible] खुलवाने से रुधिर कम होजाता है किन्तु सुराकों [illegible] अधिक होती है जिन मनुष्यों को फस्दका अभ्यास पड़जाता

ठा र्वी को हृदय बलवान नहीं होता ॥ १८ ॥
उन्नीसवीं को मस्तक प्रबल होता है ॥ १९ ॥
बीसवीं को सब प्रकार के रोग दूर होते हैं ॥ २० ॥
इक्कीसवीं को प्रसन्नता प्राप्त होती है ॥ २१ ॥
बाईसवीं को कंठ पीडा और दंत पीडा दूर होती है ॥ २२ ॥
तेईसवीं को निर्बलता अधिक होती है ॥ २३ ॥
चौबीसवीं को शोकित नहीं होता है ॥ २४ ॥
पच्चीसवीं को खफकान रोग दूर होता है ॥ २५ ॥
छब्बीसवीं को गुर्देकी तथा पसली की पीडा दूर होती है २६
सत्ताईसवीं को बवासीर जाती है ॥ २७ ॥
अट्ठाईसवीं को सब प्रकार की पीडा नष्ट होती है ॥ २८ ॥
उनतीसवीं को प्रत्येक रोगको आराम होता है ॥ २९ ॥
तीसवीं तारीख को फस्द खुलवाने से मनको भ्रम और [illegible] नहीं होता ॥ ३० ॥ तीसों तारीख में फस्द खुलवाने का शुभा शुभ फल कहा गया है ये तारीख मुसलमानी महीनों की जाननी चाहिये ।

[illegible] वारों के अनुसार फस्द खुलवाने का फल ॐ

[illegible]वार को फस्द खुलवाना जनून आदि रोगोंको दूर करता है, रविवार को फस्द खुलवाना सब प्रकार के रोगों को दूर करता है ।

सोमवारको फस्द खुलवाना रुधिर विकारको शांत करता है
बुधवार को निषेध यह है ॥

बृहस्पतिवार को फस्द खुलवाना खफकान रोगको उत्पन्न
[illegible]

शुक्रवार को फस्द खुलवाना भी जनून रोग को उत्पन्न
करता है ॥

॥ फस्द के नाम ॥

और जिन नसोंकी फस्द खोली जाती है उन प्रसिद्ध नसों
के नाम लिखते हैं ।
कीफाल १, बासलीक २, अक्हल ३, हबलुल जरा ४, असी-
लम ५, साफन ६, अर्कुन्निसा ७, ये सात हैं ॥

प्रगटहो कि जो लोग प्रतिवर्ष फस्द खुलवाते वा जुल्लाब
लेतेहैं तो उनको अभ्यास वैसाही पड़जाता है और यह अ-
भ्यास अच्छा नहीं और फस्द का न खुलवाना उत्तम है,
क्योंकि वर्षकी असल ऋतु तीन हैं और रुधिर भी तीन
प्रकार का होता है ॥ जो फस्द खुलवाने की आवश्यकता
होतो शीतकाल में मध्याह्न के समय खुलवावै कि ऋतु में
रुधिर चक्कर में होता है फिर ठहर जाता है और कोई २ हु-
कीम यों भी कहते हैं कि रुधिर जमजाता है ॥ सो बात झूठ
है क्योंकि जो मनुष्य के शरीर में रुधिर जमजावै तो मनुष्य
जी नहीं सक्ता किन्तु भीतर गरमी होती है और रुधिर नि-
कलने में यह परीक्षा नहीं होती कि यह रुधिर अच्छा है
वा बुरा और उस समय में फस्द खुलवाने से मनुष्य दुर्बल
होजाता है क्यों कि बुरे रुधिर के साथ अच्छा रुधिर भी
निकलता है और ग्रीष्म काल में रुधिर पृथक् २ होता है इस
ऋतु में संध्याके समय फस्द खुलवाना उचित है और वर्षा
खुलवाने से रुधिर कम होजाता है किन्तु सुदाकी
अधिक होती है जिन मनुष्यों को फस्दका अभ्यास पड़जाय

और फिर फस्द न खुलवावें तो उनको एक न एक रोग सताता रहता है और वर्षाकाल में रुधिर मौत दिल हो जाता है उस ऋतु में फस्द खुलवाना योग्य नहीं और जो हकीमकी सम्मति होतो खुलवा लेवे और जिन दिनों में रुधिर कम होता है तब खुश्की के कारण से कईरोग होजाते हैं और पीड़ाभी हरएक प्रकारकी होतीहै और जब फस्द खुलवाने की आवश्यकता होतो उस वक्त दिन तारीख ऋतु और समय का कुछ विचार नहीं किया जाता आवश्यकता के समय फस्द खुलवाने में कोई हानि नहीं है ॥

❀ इति प्रथमभाग समाप्तम् ❀

श्रीजगदीश्वरायनमः ।

बृहत जर्राहीप्रकाश

दूसरा भाग

आतिशक की चिकित्सा ।

(१) उपदंश की उत्पत्ति ।

वैद्य हकीम तथा डाक्टरों का यह मत है कि उपदंश जनित विषको छोडकर ऐसा और कोई विकराल विष संसार में नहींहै जोकि प्राणियों के अंग से उत्पन्न होकर शरीर का सर्वनाश करदे यह विष रुधिर में प्रवेश करके शरीर की नस नस में घुसजाता है और नाना प्रकार के दोष उत्पन्न करके रोगीको नितांत निकम्मा बना देता है ।

डाक्टरों ने ऐसे मुरदोंको जब चीरकर देखा है तो कोई अंग उनका ठीक नहीं पाया गया उपदंश का विष मवाद के लगजाने से शरीर में पहुँच जाता है यद्यपि कई प्रकार से ऐसा होसकताहै परन्तु मुख्यतः उपदंश दूषित स्त्रीके प्रसंग सेही होताहै अन्यान्य कारणों में कुछ कारण ये हैं (१) उपदंश रोगी के पात्र में जलपीना (२) ऐसे रोगीको चुम्बन करना ३ ऐसे रोगीके वस्त्रोंपर शयन करना, अथवा उनको पहरना, बालक को ऐसी स्त्रीका दूध पिलाना: (४)

उपदंश वाले बच्चेके मवाद से दूसरे बच्चे के मवादसे दूसरे बच्चोंको टीका लगाने से अथवा उपदंश वाले माता पिता से उत्पन्न होनेसे बालक को यही रोग होसकता है (५) उपदंश को मवाद जिस वस्त्र से पोंछा गयाहो उस वस्त्रको यदि कोई पुरुष या स्त्री अपने अंग से लगा लेवे तो यह रोग होसकता है ।

(२] उपदंश के नाम ।

इस देशमें इसको गर्मी बादफरंग अथवा आतिशक कह कर पुकारते हैं आतिश फारसी जबानमें आगका नाम है इस का नाम आतशक इसकारण से हुआ कि इसके विषसे शरीरमें एक प्रकारकी अग्नि लगजातीहै और जलकर सड़ जाता है अंग्रेजी में इसको सिफलिस कहते हैं ।

[उपदंशवती स्त्री की परीक्षा ।

यदि किसी स्त्रीकी परीक्षा करनी हो कि इसको उपदंश रोग है वा नहीं तो [१] उसके अंगसे उसीकी हथेलीको रि गड़ कर उसकी गंधको सूंघे यदि मछली की सी दुर्गंध हो तो रोगिणी जानें [२] यदि उसके गुह्यस्थल से पानी बहता हो [३] उसके नीचे के वस्त्र से सड़ी हुई गंध आती हो [४] गुह्यस्थल के होट मोटे हों [५] प्रसंग के समय मूत्रेन्द्रिय को गर्मी अधिक मालूम हो। [६] एक छोटा वस्त्र [illegible] के रस तथा और किसी खट्टी चीज के रसमें भिगोकर [illegible] गुह्यस्थल में रक्खे यदि कोई घाव होगा तो उसको [illegible] होगी ।

(४) उपदंश के दो प्रकार

एक प्रकार का वह उपदंश है जिसका घाव मुत्रेन्द्री पर होजाता है इसको जर्राहीमें साफ्टशंकर कहते हैं दूसरी प्रकार के उपदंश को हार्डशंकर कहते हैं इसमें प्रथम छोटे २ विकार उत्पन्न होते हैं जब रुधिर में विष फैल जाता है तब वड़े बड़े उपद्रव खड़े होकर रोग असाध्य अथवा दुसाध्य होजाताहै यह बहुत बुरा होताहै ।

(५) उपदंश के लक्षण

(२) मुत्रेन्द्री पर चोट लगजाने से वा स्त्री द्वारा नख विद्ध होने वा दांत लगनेसे वा धोनेसे अथवा अत्यन्त स्त्री संसर्ग करने से अथवा गरम जल धोने से भी यहरोग हो जाताहै पेडू गुह्येन्द्रिय वा अंडकोश पर एक पीली फुंसी पैदा होजातीहै उसमें खुजली के साथ जलन होती है, ज्यों ज्यों खुजाया जाता है त्यों त्यों घाव बढ़ता चला जाताहै रोगी लज्जाके कारण रोगको छिपाताहै और रोगदिन दूना रात चौगना वढ़ता चला जाता है, मूर्ख लोगों के कहने से अहितकारी चीजें लगा देताहै, जब घाव बहुत बढ़जाताहै तब इधर उधर टक्कर खाने लगताहै कोई अनाड़ी हुक्केमें पीनेकी सर्व नाशक औषधि देदेताहै उससे मुंह आजाताहै वा वमन अथवा दस्त होने लगते हैं, ऐसी चिकित्सा से रोग को यदि कुछ दिनों के लिये आराम भी होजाताहै पर रोग की जड़ नहीं जाती है ।

(६) रोगकी उत्पत्ति में आयुर्वेदिक मत ।

आयुर्वेदिक विज्ञानियों ने यह रोग पांच प्रकारका लिखाहै (१) वातज (२) पित्तज (३) कफज (४) सन्निपातज (५) रक्तज

(१) वातज उपदंश के लक्षण ।

वात से उत्पन्न होने वाले रोग में मूत्रेन्द्रिय के अग्र भागमें मणि के ऊपर वा मणिका वेष्टन करनेवाले चर्म के अग्रभाग में वा नीचे को अनेक प्रकारकी छोटी छोटी फुंसियां पैदा होजाती हैं, और इन्द्री में कंपन होता है ।

(२ पित्तज उपदंश के लक्षण ।

पित्त के उत्पन्न होने वाले उपदंश रोग में इन्द्री के अग्र· भाग के पूर्वोक्त स्थान में क्रूरतायुक्त और पीले रंगवाली फुं· सियां पैदा होजाती हैं, इन फुंसियों में जलन होने लगती है ऐसे उपदंश को पित्तज उपदंश कहते हैं ॥

(३) कफज उपदंश के लक्षण ।

कफ से उत्पन्न होने वाले उपदंश रोग में इन्द्रीके अग्रभाग के पूर्वोक्त स्थान में जो फुंसियां पैदा होजाती है उन में से गाढ़ा गाढ़ा मवाद निकलने लगता है, मणिस्थान पर वरम आजाताहै इस रोग में पेशाब के साथ वीर्य भी आने लगता है, इन लक्षणोंसे युक्त रोगको कफज उपदंश कहते हैं ।

(४) सन्निपातज उपदंश के लक्षण ।

सन्निपातज अर्थात् कफवात पित्तसे उत्पन्न होने वाले उपदंश में इन्द्रीके अग्रभाग के चमड़े के नीचे मांसके पिंड [illegible] होजाते हैं, इसमें कफज वातज और पित्तज तीनों प्रकार के उपदंशों के कहे हुए लक्षण मिश्रित होते हैं; इस प्रकार के उपदंशको त्रिदोषज वा सान्निपातज कहतेहैं ।

(५) [illegible] उपदंश के लक्षण ।

जो उपदंश [illegible] से होताहै उस में मणि के अग्रभाग

ढकने वाले चर्मके नीचे अथवा ऊपर मांसके रंग अथवा काले रंग की फुन्सी पैदा हो जाती है इनमें से रुधिर बहने लगता है तथा पित्तज उपदंशके जो जो लक्षण कहे गये हैं वे भी सब इसमें होते हैं इन लक्षणोंसे युक्त रोगको रक्तज उपदंश कहते हैं ॥

❀ असाध्य उपदंश के लक्षण ❀

जिस उपदंश में संपूर्ण मूत्रेन्द्री को कीड़ा खा जाते हैं केवल अंडकोष शेष रहजाते हैं वह किसी प्रकारसे अच्छा नहीं होता है इस लिये उसकी चिकित्सा करना फलीभूत नहीं होता है।

❀ ७ मृत्यु लक्षण ❀

जो मनुष्य उपदंश रोगके होतेही चिकित्सा न करके स्त्री प्रसंग करता रहता है तो कुछ दिनमें उसकी इन्द्री में सूजन और जलन होने लगती है अग्रभाग के घूंघटके चमड़े के नीचे जो फुन्सी होतीहैं वे पककर घाव बन जाती हैं। इस घाव में कीड़े पड़कर लिंगनाल को खाते रहते हैं और धीरे धीरे रोगी की मृत्यु निकट आजाती है ॥

❀ ८ लिंगवर्ती के लक्षण ❀

अंकुर की तरह कुछ ऊंचा ऊपर ऊपर और गिलगिला मांस का जाल लिंग नालमें उत्पन्न होकर धीरे २ मुर्गेकी चोटी के समान होकर अंडकोषके भीतर वाली रगमें पहुंच जाता है इन लक्षणोंसे युक्त रोगको लिंगवर्ती या लिंगार्श कहते हैं

❀ उपदंशकी चिकित्सा ❀

(१) रोगीके बलके अनुसार जुल्लाब अथवा वमन दो

आदि खाकर कूएका जल पीता रहै इससे अनेक प्रकारके उपदंश जाते रहते हैं ।

(८) उपदंश में पसीने देकर इन्द्री की बीचवाली शिरा का वेधन करके जोंक द्वारा रुधिर निकाल डालना विशेष उपयोगी है इन सब क्रियाओं द्वारा दोषों का हलकापन होनेमें सूजन और वेदना कम होजाती है पक जाने पर इन्द्री का नाश हो जाता है. इसलिये उन उपायों को करना चाहिये जिससे लिंग पकने न पावै ।

[९] सूखे हुए अनारका छिलका अथवा मनुष्यकी हड्डी का चूरा उपदंश के घावपर लगानेसे बहुत जल्दी उपदंशके घाव अच्छे होजाते हैं ।

[१०] चिरायता, नीमके पत्ते, त्रिफला, पर्वल, चमेली के पत्ते, कचनार के बीज खैर और शाल वृक्ष की छाल इन में से हर एक को एक एक सेर लेकर ६४ सेर पानी में औटावै, चौथाई शेष रहने पर उतार कर छानले । ऊपर लिखी हुई सब दवाओंको चार चार तोले लेकर पीसकर लुगदी करले फिर ऊपर लिखे क्वाथ में यह लुगदी और घी चारसेर डालकर यथोक्त रीति से पाक करै । इस घी का दोषानुसार सेवन करनेसे उपदंश रोगको बहुत शीघ्र आराम होजाता

[११] समान भाग त्रिफला को सहत के साथ पकाकर लेप करने से उपदंश को विशेष गुणकारी होता है

[१२] सिरस, आम और सहत इन तीनोंमें से किसी एक के साथ रसौत मिलाकर इन्द्री पर लेप करनेसे उपदंश रोग तथा अन्यान्य लिंग रोगभी जाते रहते हैं ।

[१२] पारा दो रत्ती, अफीम बारह रत्ती इन दोनों को लोहे के पात्र में तुलसी के रसके साथ नीमके घोटे से घोट कर दो रत्ती सिंगरफ मिलाकर फिर तुलसी का रस डालकर घोटे पीछे जावित्री, जायफल, खुरासानी अजवायन और अकरकरा प्रत्येक बत्तीस रत्ती, इन सबमे दूना खैरसार मिलाकर फिर तुलसीके रसमें घोटकर चनेकी बराबर गोलियां बना लेवे इनमें से दो दो गोली प्रतिदिन सायंकाल के समय सेवन करे इससे उपदंशादि अनेक प्रकारके घाव वाले रोग दूर होजाते हैं। यह एक प्रसिद्ध औषधि है।

❀ उपदंश रोग पर पथ्य ❀

वमनकारक द्रव्यों का आहार वा पान द्वारा सेवन; विरेचक औषधियोंका आहार वा पान द्वारा सेवन, शिश्नमें सिरावेधन, जोंक लगाना परिछेदन, प्रलेप, जौ शालि धान्य, जंगलदेशज पशुपक्षिओं का मांस, मूंग का यूष और घृत, ये सब द्रव्य उपदंश रोगमें विशेष हितकर जानने चाहिये। पुनर्नवा, मेहसना, परवल, कच्ची मूली, सब प्रकारके तिक्त [illegible] द्रव्य, मधु, कूप का जल, अनेक प्रकारका तेल ये सब द्रव्य उपदंश को [illegible] करने वाले हैं इस लिये इन को विशेष पथ्य रूप समझना चाहिये।

❀ उपदंश पर कुपथ्य ❀

दिन में सोना मूत्रके वेग को रोकना, भारी तथा खट्टे पदार्थों का भोजन पान, स्त्री संग, गुड़, कसरत, कुस्ती, [illegible], ये सब द्रव्य उपदंश रोगको बढ़ाने वाले हैं इस लिये इन को सर्वथा त्याग कर देना चाहिये।

❀ यूनानी मत से उपदंश चिकित्सा ❀

❀ जुल्लाब की गोली ❀

जमालगोटेकी मिंगा, चौकिया सुहागा, मुनक्का; इन सब को समान भाग लेकर महीन पीस एक एक माशे की गोली यां बनावै परन्तु इस गोलीके खाने से पहिले नीचे लिखी हुई दवा पिलाना चाहियेः—

❀ नुसखा मुंजिज ❀

गुलाब के फूल तीन माशे; मुनक्का सात नग; सौंफ छः माशे, सूखी मकोय छः माशे; सनाय मक्क दो माशे, इन सब को पावभर जलमें औटावें जब एक उफान आजाय तब उतार कर छानले फिर इसमें एक तोले गुलकंद मिलाकर पिलावे पश्चात् खिचड़ी, भोजन करावे फिर चौथे दिन ऊपर लिखी हुई गोली के दो टुकड़े करके खिलावे ऊपर से गरम जल पिलावे और जब प्यास लगे तब गरमही जल पिलावे और सायंकाल के साथ घृत डालकर खिचड़ी दही के संग भोजन करावे फिर तीन दिन तक नीचे लिखी हुई दवा पिलावै।

❀ ठंडाई का नुसखा ❀

बिहीदाना दो माशे, रेशे खतमी ४ माशे, मिश्री एक तोले इन सबका लुआब निकाल कर उसमें मिश्री मिलावे, पहिले छःमासे ईसबगोलको फांक कर ऊपर से उस लुआब को पीवे इसी तरह तीन दिन तक करता रहे तदनंतर नीचे लिखी गोली देना उचित है॥

❀ मिलाये की गोली ❀

खुरासानी अजवायन, देशी अजवायन, अकरकरा सुन...

छोटी इलायची नो ७ माशे मिलाये सात माशे, काले तिल दो तोले पारा छः माशे, पुरानागुड एक तोले इन सब को मिलाकर तीन दिन खूब घोटै और माशे माशे भर की गोली बनाकर सात दिन एक गोली सेवन करावै और नीचे की मरहम घाव पर लगावे ॥

घाव हो जाय और उसको उस्तरे का घाव समझ कर औ-
षधियाँ की जाय जर्राहको चाहिये कि प्रथम रोगीके घाव
को देखे कि किनारे उस घावके मोटे हैं और घावके भी
तर हाने हैं वा नहीं और घाव कितना चौड़ाहै और रोगी
की प्रकृतिको देखे जो वह विरेचन अर्थात् जुलावके योग्य
हो तो जुलाव देवे नहीं तो नीचे लिखी हुई औषधि देवै

॥ गोली ॥

नीलाथोथा ढाई माशे, कालीहर्ड २॥ माशे, सफेद कत्था
२ तोले, सुपारी ७ माशे इन सबको पीस कर दोसेर नीबू
के रसमें खरल कर फिर जंगली बेर के प्रणाम गोली बनावे
और दोनों समय एक एक गोली खिलावे खट्टी और बादी
वस्तुओं से परेज करे ॥

॥ दूसरा नुसखा ॥

अजवायन खुराशानी सात माशे, काली मिरच सात माशे;
कालेतिल छः माशे, जमाल गोटा तीन माशे; पुराना गुड़
१॥ तोले, इन सबको तीन दिन तक घोटकर जंगली बेर के
बराबर गोलियाँ बनावे और एक गोली दही की मलाई में
लपेट कर खिलादे और मूंग की दाल और मीठा कद्दू से
परहेज करे इस औषधि के खाने से एक दो दस्त हुआ करें
गे और जो वमनभी होजायतो कुछ डर नहीहै क्योंकि ये रोग
बिना मवाद निकले नहीं दूर होसक्ता प्रायः देखा है कि इस
रोग में सिर से पांव तक घाव होजाते हैं इसलिये उचित है
कि प्रति दिन मरहम लगाया जावे जो एक दिन भी न लगा
या जावेगा तो खुरण्ड जम जावेगा और जहां यह रोगी

बैठना है कीच होजाता है और सफेद सा पानी निकलता है अथवा सुर्खी और जरदी लिये दुर्गंध युक्त सवाद आता है, हाथ पांवों की अंगुलियों में भी घाव होजाते हैं इन सब शरीर के घावों के वास्ते यह औषधि करना चाहिये।

❀ मरहम ❀

गाय का मासन आध पाव, नीलाथोथा सफेद छः माशे मुर्दासंग छः माशे, इन दोनों दवाओं को पीसकर घृत में मिलाकर घावों पर लगावे और खानेको यह दवा देवे:—

❀ गोली ❀

छोटी इलायची; सफेद कत्था, तुलसी के हरे पत्ते एक २ तोले मुर्दासन छः माशे, पुराना गुड़ १॥ तोले, इन सबको कूट पीसकर गोलियां बनावे और नित्य सवेरे एक गोली खिलावे खटाई और वादी से परहेज करे और किसी वस्तु से परहेज नहीं है और यह रोग शीघ्र अच्छा नहीं होता इसको सात दिन खिलाकर देखे जो कुछ आराम हो तो इसी दवा को खिलाता रहे और जो इस से आराम न होतो यह गोली खिलावे॥

❀ अन्य गोली ❀

खियारीन कालीमिरच, काबली हर्ड, सूखे आमले, रसकपूर [illegible] निर्मली, गुल बनफशा, सफेद कत्था ये दवा चार २ माशे के इन सबको कूट पीसकर रोगन गुल में खरल करे फिर [illegible] [illegible] बनाकर गोली बनावे, और एक २ गोली [illegible] के [illegible] प्रति दिन प्रातःकाल और सायंकाल [illegible] खिलावे नमक की दाल और लाल मिरच से [illegible]

हेज करे इस दवाईसे सब शरीर अच्छा हो जायगा परन्तु अंगुली अच्छी न होगी जो यह औषधि प्रकृति के अनुसार होजाय तो अंगुली भी सीधी होजायगी बहुधा देखने में आया है कि इस रोग वाले, मनुष्य बहुत भले चंगे देखे परन्तु किसी न किसी जगह शरीर में शेष रहही जाताहै बहुत से उपद्रव उत्पन्न होतेहैं एक यह कि मनुष्य कोढ़ी हो जाते हैं दूसरे यह सब शरीर पर सफेद दाग होजातेहैं तीसरे नाकगलकर गिरजाती है चौथेगठिया होजातीहै एक कारण यहहै कि यह रोग महागरमहै ठंडी दवाइयोंसे अच्छानहींहोता

इसमें एक डाक्टर की रायहै कि यह रोग कफ से होता है क्योंकि प्रत्यक्ष है कि रोगीके शरीर में छोटी २ फुंसियां रतूबत दार जर्दी लिये होती हैं बहुत से मनुष्यों का यह रोग औषधियों के सेवन से जाता रहा और दोचार वर्षके पीछे शरीर के निर्बल होजाने पर फिर होगया और घाव भी फिर हरे होगये जब दवाई करी तो फिर जाता रहा इस के वास्ते यह दवाई बहुत उत्तम है ॥

अन्य गोली

भुना नीलाथोथा, मुरदासन, सफेदा काशगरी । सफेद कत्था, ये सब चार चार माशे ले इन सबको नीबूके रसमें खरल करके लोहे की कढाई में डालकर नीबूके सोटे से घोटे और चने की बराबर गोलियां बनाकर दोनों समय एक २ गोली खिलावे खटाई और वादीकी चीजों से परहेज करा- ना चाहिये और जो इससे भी आराम नहो तो ऐसी औ- षध देवे कि जिससे थोड़ासा मुंह आजावे जिससे सब शरीर

के जोड़ों की पीडा दूर होजावे और इससे आराम नहो तो अधिक मुँह आने की औषधि दे और नीचे लिखी औषधियों से घावको बफारा देवे:—

❀ नुसखा बफारे का ❀

नरमल की जड़, रामसर, सोये के बीज, खुरासानी अजवायन, माजून; नरमा के पत्ते, शहतूत के पत्ते, इन सब को बराबर ले पानी में औटाकर घावों को बफारादे और रात को तेलका मर्दन करै अथवा भेड़का दूध और गौका दूध चार चार तोले; सुरंजान कड़वा तीन माशे, रोगनगुल आधपाव इन सबको मिलाकर गरम कर मर्दन करे।

❀ दूसरा बफारा ❀

जो पुरुष की इन्द्री घावों के जोरसे अथवा पट्टी बांधने से सूजजाय तो उसपर त्रिफला छः माशे पानीमें औटाकर इन्द्री को बफारा दे और इसी तरह दिन भर तीन दफे बफारा दे तो एक ही दिनमें सब सूजन दूर होकर पहिले की तुल्य हो जाता है। जो मुख आजाय तो उसको अच्छा करने के लिये यह दवा करे।

❀ नुसखा कुल्ली का ❀

कचनार की छाल, महुए की छाल, गोंदनी की छाल एक छटांक, चमेली के पत्ते एक तोले; सफेद कत्था एक माशे इन सबको पानी में औटाके कुल्ला करे॥

❀ दूसरा प्रयोग ❀

चमेली के पत्ते छटांक भर, कचनार की छाल छटांक भर, इन दोनों को पानीमें औटाकर दोनों वक्त कुल्ले करे।

॥ तीसरा प्रयोग ॥

अकरकरा, माजूफल सिंगरफ । सुहागा कच्चा ये चारों वा पांच पांच माशे ले इन सबको पानीमें मिलाकर चार ‍इस्से करे फिर रातभर एक पहरके पीछे चिलम में रख ‍र तमाखू की तरह पीवै और रातभर जागता रहै फिर ‍वेरे ही ठंडे पानी से स्नान कर और खाने को मुंगका शो ‍वा और गेंहू की रोटी या मूंगकी दाल रोटी खिलाना ‍ाहिये भोजन कराके रोगी को सुलादे इस औषधिसे गर्मी ‍धिक मालूम होती है और दस्त वमन भी होते हैं परन्तु ‍कही बार में घाव तक सख जाते हैं ॥

❀ चौथा प्रयोग ❀

सिंगरफ, माजूफल, अकरकरा; नागौरी असगंध काली ‍मूसली, सफेद मुसली छोटे गोखरू इन सबका चूर्ण करके ‍जंगली बेरके कोयले पर डाल कर सब देह को धूनीदे इसी ‍तरह सातदिन करनेसे यह रोग जड़से जाता रहता है ।

❀ पांचवा प्रयोग ❀

भुना हुआ नीला थोथा, बड़ी हर्डका बक्कल, छोटी हर्ड ‍ये सबदवा एक एक भाग, पीली कौडी चारभाग इन सबको ‍पीस छानकर नीबूके रसमें तीनदिन घोटे फिर इनकी चनेकी ‍बराबर गोली बनावै फिर एक एक गोली नित्य खाय इस ‍औषधि में किसी चीजका परहेज नहीं है ॥

❀ छठा प्रयोग ❀

रसकपूर, चोवचीनी । बावची ये तीनों छःछः माशे, तिन्-‍रस! गुड दोतोले इन सबको दहीके तोड़ में खरल करे और

क जोड़ों की पीडा दूर होजावे और इससे आराम न हो तो अधिक मुँह आने की औषधि दे और नीचे लिखी औषधों से घाव को बफारा देवेः—

❀ नुसखा बफारे का ❀

नरनल की जड़, रामसर, सोये के बीज, खुरासानी अजवायन, मालन; नरमा के पत्ते, शहतूत के पत्ते, इन सब को बराबर ले पानी में औटाकर घावों को बफारादे और रात को तेल का मर्दन करे अथवा भेड़का दूध और गौका दूध चार चार तोले; सुरंजान कड़वा तीन माशे, रोगनगुल आध पाव इन सबको मिलाकर गरम कर मर्दन करे ।

❀ दूसरा बफारा ❀

जो पुरुष की इन्द्री घावों के जोरसे अथवा पट्टी बांधने से सूजजाय तो उसपर त्रिफला छः माशे पानीमें औटाकर इन्द्री को बफारा दे और इसी तरह दिन भर तीन दफे बफारा दे तो एक ही दिनमें सब सूजन दूर होकर पहिले की तुल्य हो जाय । जो मुंह आजाय तो उसको अच्छा करने की दवा करे ।

❀ नुसखा कुल्ली का ❀

कचनार की छाल, महुए की छाल, गोंदनी की छाल एक छटांक, चमेली के पत्ते एक तोले, सफेद कत्था एक माशे इन सबको पानी में औटाके कुल्ला करे ॥

❀ दूसरा प्रयोग ❀

बबूल के [illegible] छटांक [illegible], कचनार की छाल छटांक [illegible], इन दोनों को पानीमें औटाकर दोनों वक्त कुल्ले करे ।

तीसरा प्रयोग ॥

अकरकरा, माजूफल सिंगरफ । सुहागा कच्चा ये चारों दवा पांच पांच माशे ले इन सबको पानीमें मिलाकर चार हिस्से करे फिर रातभर एक पहरके पीछे चिलम में रख कर तमाखू की तरह पीवे और रातभर जागता रहै फिर सवेरे ही ठंडे पानी से स्नान कर और खाने को मुंगका शोरवा और गेंहू की रोटी या मूंगकी दाल रोटी खिलाना चाहिये भोजन कराके रोगी को सुलादे इस औषधिसे गर्मी अधिक मालूम होती है और दस्त वमन भी होते हैं परन्तु एकही बार में घाव तक सख जाते हैं ॥

❀ चौथा प्रयोग ❀

सिंगरफ, माजूफल, अकरकरा; नागौरी असगंध काली मूसली, सफेद मुसली छोटे गोखरू इन सबका चूर्ण करके जंगली वेरके कोयले पर डाल कर सब देह को धूनीदे इसी तरह सातदिन करनेसे यह रोग जड़से जाता रहता है ।

❀ पांचवा प्रयोग ❀

भुना हुआ नीला थोथा, वडी हर्डका वक्कल, छोटी हर्ड ये सबदवा एक एक भाग, पीली कौडी चारभाग इन सबको पीस छानकर नीबूके रसमें तीनदिन घोटे फिर इसकी चनेकी बराबर गोली बनावे फिर एक एक गोली नित्य खाय इस औषधि में किसी चीजका परहेज नहीं है ॥

❀ छटा प्रयोग ❀

रसकपूर, चोबचीनी । बावची ये तीनों छः छः माशे, तिवरसा गुड दोतोले इन सबको दहीके तोड़ में खरल करे और

झाड़ी बेरके बराबर गोला बनाकर रोगी को सुबह शाम एक गोली दही के संग लपेट कर खिलावे और खाने को मूंग की दाल रोटी देवे ॥

❀ सातवाँ प्रयोग ❀

कत्था सफेद, सगुल फार, इलायची के बीज, खड़िया ये सब समान भाग लेकर गुलाब जल में पीसकर ज्वार के बराबर गोली बनावे और एक गोली नित्य बारह दिन तक खाय और जो अजीर्ण होय तो एक दिन बाचमें देकर खाय और मूंग की दाल गेहूं की रोटी खाय परन्तु घी का अधिक सेवन करे।

❀ उपदंश के दर्द का इलाज ❀

जो उपदंश वाले की अस्थि संधियों में दरद होता हो तो पारा, खुरासानी अजवायन, बिलाव की मिंगी, अजमोद असगंध ये सब दवा तीन तीन माशे, गुड़ २८ माशे सब को कूट पीसकर झाड़ी बेरके बराबर गोली बनाकर एक एक गोली दोनों समय खाय और इस गोली को पानी से निगल जाय दांत न लगने दे; खाने को लाल मिरच खटाई आदि लगने वाली वस्तु न खाय।

❀ अन्य प्रयोग ❀

[illegible] अजवायन, काली मूसली ये दवा छः माशे [illegible] [illegible] माशे, गुड़ चार तोला इन सबको कूट पीसकर [illegible] गोली बनावे और एक नित्य दही के साथ खाय तो [illegible] दिन में [illegible] जाय और [illegible] चावल खाने [illegible] [illegible] में बहुत शीघ्र आराम होजाता

लकड़ी का कोयला पिसा हुआ साढ़ेतीन माशे,
ी खांड साडेतीन माशे, इन दोनोंको मिलाकर चौ-
ी में सानकर सात दिन सेवन करने से सातही
दंशको आराम होजाताहै इस दवापर मांस पथ्यहै

ॐ अन्य प्रयोग ॐ

ड़की छाल, तूतिया, पीली कौड़ी की राख ये सब
ार नींबूका रस डालकर कढाई में सोलह पहर तक
इसकी काली मिरच के बराबर गोली बनावै और
नित्य १५ दिन खाय और थोड़ी सी गोली घि-
ाज पर लगाय घावों पर लगावै और जो मुख
ी कचनार के काढे से कुल्ला करै ।

ॐ अन्य प्रयोग ॐ

के हरे पत्ते एक तोले, तूतिया हरा १४ माशे इनको
ानेकी बराबर गोली बनाकर एक गोली गरम पा-
नित्य खाय मूंगकी दालकी खिचड़ी बिना घी डा-
इस दवा पर उचित है ।

ॐ अन्य प्रयोग ॐ

की छाल दो छटांक, इन्द्रायनकी जड़ दो छटांक
फली दो छटांक, छोटी कटाई जड़ पत्ते समेत, दो
ुराना गुड़ दो छटांक इन सबको तीनसेर पानी में
े जब चौथाई जल रहै तब छानकर बोतल में भर
इसमेंसे मात्रानुसार सात दिन पीवै तो अवश्य आ-
इसमें परहेज कुछ नहीं है ॥

अन्य प्रयोग

सिरसकी छाल, बबूलकी छाल, नीमकी छाल, प्रत्येक सवा सेर इन सबको सात गुने पानी में काढ़ा करै जब सवा सेर जल बाकी रहजाय, तब छानकर शीशी में भरले फिर इस में से दो छटांक रोज पीवै और खानेको चनेकी रोटी खाय तो पुरानी आतिशक भी जाती रहती है ॥

अन्य प्रयोग

सिंगरफ़, अकरकरा; नीमका गोंद, माजूफल, सुहागा प्रत्येक ३ माशे इन को पीस सात पुड़िया बनाले एक पुड़िया चिलम में रख बेरीकी आग से पिये तो आराम होय और इस में वमन होयतो कुछ डर नहीं, दिनभर में तीन बार पीवै और इसके गुलको पीसकर घावों पर बुरके, खाने को मोहन भोग मीठा खाय और जो मुँह आजाय तो चमेली के पत्तों का काढ़ा करके कुल्ली करावे ॥

अन्य प्रयोग

सिंगरफ़ दो माशे, अफ़ीम दो माशे, पारा दो माशे, अकरकरा पांचमाशे, भिलाय सात माशे; पुराना गुड़ पांच माशे पहिले पारा और सिंगरफ़ को अदरक के रसमें दो दिन खरल करै फिर सब दवा बारीक पीसकर उसमें मिलावै, और फिर [illegible] टोपी दूर करके उन सब दवाओं के साथ घोट डाले फिर बेर के बराबर गोली बनावे और सात दिन एक गोली [illegible] खाय और गुड़ छककर तेल लाल मिरच खटाई [illegible] का सेवन न करे ।

यदि ऊपर लिखे हुए किसी उपाय से रोगी अच्छा न हो

उसे असाध्य समझना चाहिये ॥

फुंसियोंके दूर करनेकी दवा ।

इस रोगमें सब शरीरमें छोटी२ फुंसिया शीतला के स
दृश होजातीहैं उनके वास्ते यह दवा करनी चाहिये सिंगरफ
तीन माशे, रसकपूर छः माशे, अकरकरा एक तोला, कत्था
एकतोला, छोटी इलायची एक तोला, इन सबको पान के
रसमें मिलाकर चनेके बराबर गोलिया बनावे, और सवेरेही
एक गोली नित्य खाया करै और चनेकी रोटी घी और
दही भोजन करै, इक्कीस दिनके सेवन करने से सब रोग
निश्चय जाता रहेगा ॥

दूसरी दवा ।

रसकपूर, सिंगरफ, लौंग; सुहागा, सब एक एक तोला लेकर
इन सबको महीन पीसकर सात पुडिया बनावै, फिर सवेरे
ही एक पुडिया दही की मलाई में लपेटकर खिलावे दूध
चांवल भोजन करावै और सब चीजों का परहेज है ॥

❀ विरेचन की औषधि ❀

जो किसी मनुष्यके शरीरमें काले वा नीले दाग पडगये
हों तो पहिले तीन दिन खिचड़ी खिलाकर फिर यह जुल्लाब
देना चाहिये । काला दाना नौ माशे. आधा भुना और आ-
धा कच्चा कूटकर बराबरकी शक्कर मिलाकर तीन पुडिया
बनावे और सवेरेही गरम जलके संग खिलावे और प्यास
लगे जब गरम पानी पिलावे ।

यदि कण्ठ का काक जिसे कौआ कहतेहैं बैठ गया होय तो
यह विरेचन देवे, पिस्तेकी मिंगी, बादामकी मिंगी, चिर-

गोजे की मिंगी, पुरानी दाख; जमाल गोटा की मिंगी इन सबको बराबर ले जल में पीस कर जंगली बेर के बराबर गोली बनावे और गोली देने से पहिले तीन दिन तक अ. रहरकी दाल ओर चावलों की खिचडी खिलावे फिर चौथे दिन दो दो गोली मलाई में लपेट कर खिलादे और ऊपर गरम जल पिलावे फिर दूसरे दिन यह औषधि पिलावे बीदाना दो माशे रेशा खतमी छः माशे ईसब गोल छः माशे मिश्री एक तोला इन सबको रात में भिगोदे और फिर प्रातः काल मल छान कर पिलावे ।

ॐ विरेचन के पीछे की गोली ॐ

मुर्दासंग एक तोला; गेरू डेढ तोले, सात वर्ष का पुराना गुड़ इन सबको पीस कर जंगली बेरके बराबर गोली बना कर एक गोली मलाई में लपेट कर सवेरे ही खाय खटाई और बादी से परहेज करे ।

ॐ सिंगरफ के उपद्रवों का उपाय ॐ

आतशक वाले रोगी को यदि किसी ने सिंगरफ बहुत खिलाया होय [illegible] उसका शरीर बिगड़ गया होयतो यह दवा [illegible], कुटकी एक तोला; आमकी गिजरी दो [illegible], जमाल गोटा तीन तोला, सबको महीन पीस छानकर पुराने गुड़ में मिलाकर बारह पहर कूटे फिर [illegible] बनाकर गोली बनाकर खिलावे और ऊपर से मधु [illegible] पिलावे जो दस्त होजाय तो उत्तम है नहीं तो पहिले तीन दिन यह [illegible] पिलावे ॥

ॐ मुञ्जन का नुसखा ॐ

[illegible] और मजीठ प्रत्येक एक तोले, मुनक्का १५

नग, खतमी एक तोले, खब्बाजी के बीज १ तोला, गुल कन्द दो तोला, इन औषधियों को रात को जल में भिगोदे सवेरे ही औटा कर पिलावै और खिचड़ी खाय फिर चौथे दिन यह जुलाब देवे ।

❀ जुलाब का नुसखा ❀

गुलाब के फूल दो तोले, खतमी के बीज एक तोले गारीकून छः माशे; सफेद निसोत छः माशे, अरण्ड के बीज ३ तोले एलुआ एक तोले, सोंठ६ माशे, करतमके बीज दो तोले शकमुनियां छः माशे. सूखे आमले एक तोले, सनाय मक्की दोतोले, बिमफाजय एक तोले, काबली हरड एक तोले इन सबको पीस छान कर पानी के साथ घोट कर जंगली बेर के समान गोली बनावे इन में एक गोली सुबह के वक्त खिलावै फिरदोपहर पीछे मूंगका घाट पिलावै और सायकाल को मूंगकी दाल की खिचड़ी खिलावै इसी प्रकार से तीन जुलाब देवै जो इसी जुलाब के देने से आराम होजाय तो उत्तम है नहीं तो नीचे लिखा अर्क तैयार करके पिलावे ।

❀ अर्क मुसफ्फी खून ❀

सोंफ, सूखी मकोय; काबली हरड, छोटी, हरड सनाय मक्कई, बर्यारा बायविडंग, पित पापड़ा, चिरायता, सिरफोंका, जीरा, ब्रह्म दण्डी, नकछिकनी ये सब पाव पाव सेर पुरानी सुपारी. सूखे आमले. बकायनके बीज, बबूल की फली । मुंडी. कचनार की छाल ये सब आध आध सेर अमल तासकी फली का छिलका. मेंहदी के पत्ते, लाल

चन्दन. झाऊ के पत्ते ये सब पाव पाव सेर इनसब को कुट करके नदी के जलमें बारह पहर तक भिगोवे फिर इस का आसव खींचे फिर पांच तोले अर्क में एक तोले शहत मिलाकर पीवे चालीस दिवस सेवन करनेसे चार बरस का बिगड़ा हुआ शरीर भी अच्छा हो जायगा ।

❀ स्त्री का इलाज ❀

जो किसी स्त्रीको यहरोग होकर जाता रहाहो और उसे गर्भ रहगयाहो और उस कालमें रोग फिर उखड़ आवे और ऐसी चिकित्सा करनीहो कि गर्भ भी न गिरने पावे और रोग भी जाता रहै तो इस औषधिको देना चाहिये मुर्दासंग. गेरू और चने एक एक. तोले. जस्त दोतोले इनको महीन पीसकर बारह वरष के पुराने गुड़में गोली बनावै और एक गोली मलाई में लपेट कर नित्य खिलावे तो सात दिन में रोग जाता रहेगा और जो इस गोली से पूरा आराम नहोतो यह औषधि करनी चाहिये ॥

❀ दूसरा उपाय ❀

कथाके पत्ते दसतोले । सिंगरफ तीनमाशे इन दोनोंको महीन पीसकर तीन माशेकी गोली बनावे फिर एकगोली चिलम में रख कर मिट्टी के हुक्के को ताजा करके पिलावे फिर दूसरे दिन हुक्के को ताजा न कर पहिले दिनका पानी रहने दे केवल नेचेको ही भिगोले इसी तरह सात दिन करने से रोग जाता रहेगा इस पर परहेज कुछ नहीं है। बालक पैदा होने के पीछे ये सब उपाय काम में

लाने चाहिये जो उपदंश रोगियों के लिये लिखे गये हैं
बालकभी पेटमें से उपदंस रोग युक्त आया होतो वह भी
अपनी माता के दूधपीने से अच्छा हो जायगा क्यों कि
जो ओषधि उसकी माताको दी जायगी उसका असरदूध
के द्वारा बालक को भी प्राप्त होगा और जो दैवयोगसे पूरा
आराम न होतो यह ओषधि करे ॥

❀ बालक के उपदंश का उपाय ❀

कटेरी दो माशे, वायविड़ंग दो माशे । दाख तीन माशे
इनतीनों को पीस कर आध सेर जलमें औटावें जब दो
तोले रहिजाय तब किसी काच के बरतन में रख
छोड़े और इसमें एक रत्ती लेकर गा के दूध में मिला
कर पिलावे ॥

❀ डाक्टरों की सम्मति ❀

डाक्टरों की सम्मति है कि उपदेश दो प्रकार का होता
है एक पैत्रिक, दूसरा शाररिक ।
यह रोग प्रथम व्यभिचारिणी स्त्रियों के हुआ करता है
फिर उस स्त्रीके साथ संगम करने से एक महीने के भीतर
ही पुरुषकी मूत्रन्द्रिय पर एक समान लाल फुन्सीपैदाहो
जाती है फिर यह फुन्सी धीरे धीरे बड़ी होकर बीच में से
फट जाती है और उस मे एक छोटा सा घाव हो जाता
है, इस घाव के किनारे कठोर होते हैं, फिर धीरे धीरे इस
घाव में से पीव बहने लगता है । इस दशा में रोगी स्वस्थ
रहता है । यह इस रोगकी प्रथमावस्था है ॥

फिर छः सप्ताह से १२ सप्ताह के बीच में हाथ आदि स्थानों में तांबे के रंग के घाव दिखलाई देने लगते हैं। ये व्रण अनेक प्रकार के होते हैं और कोई कोई भ्रम से इसे अनन्त रोग भी बतला देते हैं । कभी कभी दादकी तरह भी हो जाते हैं । बगल कपोलकोण. गुदा और पांव की अंगुलियों में गोल गोल दाग पैदा हो जाते हैं, कभी नखों में भी पीड़ा होने लगती है इस कालमें थोडा वा बहुत ज्वर हो जाता है यह ज्वर अथवा एक ज्वर सर्दी लगकरभी होता है। इस समय मुख, ओष्ठ, जिह्वा और गले के भीतर घाव हो जाता है, नेत्रों में भी भयानक रोग होजाते हैं, कानों में दर्द होने लगता है यह इस रोगकी द्वितीय अवस्था है ॥

तीन चार वर्ष में या इससे भी अधिक काल में पेशी अस्थि और चर्म भी भेदको प्राप्त हो जाते हैं । यह शारीरिक उपदंश की अवस्था है ॥

पैत्रिक में संतान अपने माता पिता के संसर्ग से इस रोग की अधिकारी हो जाती है ॥

पैत्रिक रोग में शारीरिक उपदंश के और सब लक्षण तो दिखाई देते हैं परन्तु इन्द्री पर घाव नहीं होता है ।

गर्भ समयमें इस रोगके होने से बालक के हाथ पांवों में [illegible] प्रकार का विकार होजाता है, अथवा दुबला पतला [illegible] होजाता है, [illegible] बालकके ऊपर नीचेके [illegible] और [illegible] गड्ढा व [illegible] और [illegible] दर्द हुएजाते हैं ॥

इस रोगीको आराम होने पर भी लगातार दो वर्षोंतक औषधादि सेवन कराना चाहिये नहीं तो रोग बढ़जाता है

उपदंशक पर डाक्टरों व हकीमों के मुजर्रिब नुसखे

पारा ।

यह पहले दर्जेमें अधिक लाभकारी होता है इसको तीन प्रकार से सेवन किया जाता है एकतो धूनी देना दूसरे मालिश करना तीसरे खाने को देना ।

प्रथम धूनी की क्रिया

रोगीको नंगा करके कुरसी पर बिठावें और रोगी को कुरसी समेत कम्मल से ढकदें केवल रोगी का चहरा खुला रक्खें और कुरसीके नीचे एक बड़ीईंट खूब गर्म करके रक्खें और उसपर पारे का कुश्ता जो कैलोमिल कहलाताहै और अंग्रेजी दवा फरोशोंके पास मिलताहै ५ रत्ती छिड़कें आग गरमी से पाराउडकर रोगीके अंग में लगजायगा पाव घंटे तक रोगी को उसी अवस्था में बैठा रहनेदें फिर उठालें यही क्रिया प्रत्येक दिन संध्याके समय करना उचित है इसके करनेसे मसूडे फूल जांयगे और उपदंशके चिह्न दूर होजांयगे धुनी बहुत सावधानी से देनी चाहिये ।

❀ दूसरी मालिश की क्रिया ❀

पारे का मरहम जिसको विल्यू आयंट मेंट कहकर पुकारते हैं हररोज जानुपर और बगलों में भीतर की ओर मलें और जबतक इसका असर जाहर नहो रोगीको कपड़ा न बदलने दे और जो मनुष्य मालिश करे वह हाथों में चमड़े के दस्ताने पहनले ।

❀ तीसरा भीतरी सेवन ❀

पारा अथवा उसका कोई मुराकिब प्रथम ॥। रत्ती या रत्ती या ½ ग्रेन से अधिक नहीं देना चाहिये जब तक उसका प्रभाव न लक्ष हो तो रात को ५ रत्ती देना चाहिये।

[१] संखिया

संखिया हमेशह कुछ खाने के पीछे दियाजाता है पेटमें देना हानि कारक होता है इसको मात्रा नाम मात्र को दी जाती है इसका सेवन बिना किसी डाक्टर या चिकित्सक की रायके हरगिज़ न करना चाहिये इसी कारण से अधिक वृतांत इसका लिखना उचित नहीं समझागया।

[२] आयोडाइड आफ पुटाशियम

यह औषधि दूसरे और तीसरे दर्जे में गुण करती है। आयोडाइड पुटाशियम ४ रत्ती, टिंक्चर ओपियम दस बूंद, डाउकर मोरस्यूशन २ बूंद, इनक्यूनन निनशन १ औन्स टिंक्चर अरनशयाई १२ ड्राप, खुराक २० तोला।

नुसखा चोबचीनी।

चोबचीनी, गुलाबकेफूल, बिसफायज, मि...यमली मो स्त्रिक दो तोला मिसरी मान छटांक सबऔषधियों को जुदा जुदा पीसकर मिसरी का किवाम करके उसमें मिला दे खुराक १ तोले गिजा मूंग भात खिचड़ी।

सूज़ाक का वर्णन।

इसरोगको अंगरेजोंने गानोरीया अरबी में कर्दमना

चोल कहतेहैं यह एक वरम होना है जो गुह्येन्द्रिके भीतरी
परदे पर होजाता है आर उसमेंसे एक रतूबत पीपके समान
निकलती रहतीहै और मूत्र के त्याग करने में जलन होती
है यह रोग पुरुषों को भी होता है और स्त्रियोंको भी होता
है बहुधा यह रोग दूसरे इस रोगके रोगीकी छूत पड़ने से
होता है परन्तु अन्यान्य कारणों से भी होजाया करता है,
वे अन्य कारण यहहैं:—

१ सूजाक के मादे की छूने से जो बहुधा स्त्री के प्रसंग
के समय लगजाता है।

२ तीव्र मार्द का रुधिर भी इन्द्री में घाव करके सुजाक
पैदा कर देता है अर्थात् रज का रुधिर अथवा गर्भाशय
का प्रमेह।

(३) नालीमें तीव्र वस्तु के लगनेसेभी सुजाक के लक्षण
प्रकट हो सक्ते हैं जैसे तीव्र वस्तु की पिचकारी, सलाई का
प्रयोग करना अनबुझे चूने पर पेशाब करना इत्यादि

(४) गर्म और तेज चीज़का भोजन करना जैसे बैंगन
लालमिर्च; मदिरा इत्यादि।

(५) कभी२ धूप में घोड़ेकी सवारी पर बहुत दूर तक
जाने से की सुजाक के चिह्न लक्षित होते हैं।

(६) चोट लगने से भी कभी२ यहरोग उत्पन्न होता है

(७) कभी२ स्वप्न दोषसे होता है।

(८) स्त्री प्रसंगकी अधिकता बहुधा इस रोग की का
रण होजातीहै।

रोग के लक्षण

पहिले दरजे में मूत्रेन्द्रिय के मुख पर किंचित मात्र सुरख

खुजली ओर गुदगुदी सी मालूम होती है और कुछ पी.
जो बेरंग और लसदार होती है आने लगती है होते
यह पीप पीले रंग की ओर गाढ़ा होने लगता है और
समय छिद्र पर सूजन भी नज़र आती है अब तक पेशा
जलन नहीं होती परन्तु कुछ गर्म और थोड़ी चिंगारी
लग पड़ती है ।

दूसरे दरजे में पहिली सब बातें अधिक होजाती हैं
बढ़ जाता है सुपारी अरुण वर्ण होजाती है चर्म कभी
जाती है उसका पीछे हटाना कठिन होजाता है मवाद कुछ ग
और हरापन लिये हुये पीपकी सूरतमें जारी होजाता है न
में दर्द होने लगता है मूत्र के समय अधिक जलन होती
और पेशाब थोड़ा २ और कष्ट से आता है रात्रि के समय
अधिक पीड़ा होती है ऐसे लक्षण एक सप्ताह से लेकर तीन
सप्ताह तक रहते हैं, रोगी की अवस्था के अनुसार इसकी मु
द्दत जानना चाहिये उपरान्त तीसरा दरजा शुरू होता है।

तीसरे दरजे में धीरे २ सूजन घटने लगती है पहिले की
अपेक्षा मवाद कुछ कम आने लगता है पेशाब के जलन में
भी कमी होजाती है स्पर्श करने में दर्द नहीं होता निदान
समस्त लक्षणों की कमी का नाम तीसरा दरजा है इस अ
वस्था में मानो मवाद बिल्कुल बन्द होजाता है अथवा था
नों के समान होजाता है । यद्यपि इस दरजे में पीड़ा में
कमी होजाती है परन्तु ऐसी अवस्था अधिक काल तक
रहती है इस अवस्था में थोड़ी भी बद परहेजी होने से रोग
उभर आता है और चौथे दरजे का आरम्भ होजाता है चौथे

दरजे में कोई ऐसा लक्षण नहीं होता जिसमें अधिक पीड़ा हो परन्तु पानीसा जारी रहताहै प्रातःकाल जब रोगी बिस्तर से उठता है तो इन्द्री का मुख रुका हुआ सा प्रतीत होताहै जो पेशाब करने से खुल जाता है हाथ से यदि छिद्रको दबाया जाय तो थोडासा मवाद भी कभी २ निकलता है यह मवाद लसदार स्वच्छ और बेरंग होता है और कभी गाढ़ा भी होता है स्त्री के प्रसंग और मदिराके पान करने अथवा किसी और कारण से फिर भी वर्म पैदा होसकता है रोगबढ़ जाता है और उसकी अवधिमें अधिकता होजातीहै

❀ सुजाक जनित अन्यान्यरोग ❀

(१) रुधिर का जारी होना

(२) फोड़े और गिल्टियों में वर्म पैदा होना

(३) त्वचा का पीछे की ओर न हटना

(४) छिद्र का रुक जाना

(५) अण्ड कोष में सूजन पैदा होजाना

(६) गठिया रोग का उत्पन्न होना

(७) यदि सुजाकका मवाद किसी कारणसे आंखमें लग जावेतो नेत्र रोग उत्पन्न होने से कभी २ रोगी अंधा होजताहै

❀ सुजाक रोग का निदान ❀

जो कुछ लक्षण वर्णन किये गये अर्थात् प्रसंगके अनन्तर पेशाब में जलन होना इन्द्री का मुख रक्त वर्ण होना और सूजना, पीप का आना सुजाक के विशेष चिह्न हैं यद्यपि मशाने के घाव और पत्थरी रोग में भी पेशाब में जलन

और पीप आसक्ती है परन्तु इन्द्री का मुंह नहीं सूजता न सुर्ख होता है।

❀ स्त्रियों का सुज़ाक ❀

स्त्रियों के सुज़ाक तीन प्रकार के अंग रोग युक्त होते हैं।
(१) बाहरी अंग जैसे बड़े और छोटे लबवो बढ़ा हुआमांस
[२] मूत्रेन्द्रिय ।
(३)गर्भाशय में छुत से जब सुज़ाक होता है तो उस में बाहरी अंग और मूत्रेन्द्रिय रोग ग्रस्त होतेहैं और वास्तव में स्त्रियों का सुजाक यह है जो संभोग करने से होता है और कभी २ बाहरीअंग में वर्म मेला रखने के कारण से होजाताहै त्वचा पीछे न हटसके तो ऐसी दशामें यह निदान करना चाहिये कि.पीप उपदंश के घाव से आतीहै अथवा सुज़ाक है उस समय त्वचा को टटोले यदि सख्त मालूम हो तो उपदंश का घाव समझना चाहिये और दरजोंकी पहचान यों करते हैं पहले दरजे में खालिस पीप नहीं आती पेशाब की जलन भी अधिक नहीं होती केवल चिनक होती है और दरजे में यह लक्षण अधिकता से होते हैं तीसरे दरजे में [illegible] घटने लगते हैं चौथे दरजे में वर्म बिलकुल नहीं होता [illegible] पतली पीप जारी रहती है।

❀ सुजाक की चिकित्सा ❀

ल्लीकी सी आंखभी काली होजाती है।
जो रोग खुश्की से होताहै उसमें दिखलाई देना बिलकुल
बंद होजाता है इसमें जहांतक बने तरी पहुंचाने का उपाय
करना चाहिये।

❀ आंखके बाहर निकल आने का वर्णन ❀

इस रोग के तीन कारण हैं, एक तो यह है कि बादी के
मवाद के आंख में इकट्ठा होजाने से आंखका ढेला बाहर
को निकल पडता है,इसमें मवादको निकालने वाली दवाएं
काम में लावै,फिर शियाफ सिमाक लगावै।

❀ शियाफ सिमाक की विधि ❀

सिमाक को पानी में औटाकर छानले और इस छनेहुए

आकर करानियां परदे तथा रतूबत वैजिया के बीज में ठहर
जाती है यही छेद प्रकाश के आने जाने का मार्ग है। जब
इस छिद्र का जितना भाग उक्त रतूबत से बंद होजाता है,
उतनी ही आंख की दृष्टि नष्ट हो जाती है.और शेष खुले
हुए भाग से यथावत् दिखलाई देता है इस रोग के कारण
और लक्षण बहुत से हैं, पर वे सब विस्तार भयसे यहां नहीं
लिखे गये हैं।

*** वचकी माजून ***

वच, हींग, सोंठ और साफ इन चारोंको समान भाग लेकर कूट छान कर शुद्ध सहत में मिलाले,इसमें से प्रति दिन प्रातः काल चार माशे सेवन करे।

*** हब्बुज्जहबके बनानेकी विधि ***

एलुआ ३ तोला, तुर्बुद २ तोला,मस्तगी, गुलाबके फूल प्रत्येक नौ नौ माशे,केशर २ माशे,पीली हरड़ ७ तोला,सकमूनिया १ तोला इसकी मात्रा ९ माशे है, इसकी गोलियां बना लेना चाहिये।

*** अन्य उपाय ***

दोना मरुआ,कलौंजी और चमेली सूंघना,तथा दोना-मरुआ का तेल सिर पर लगाना लाभदायक है।

*** अन्य उपाय ***

ये सब दवा अलगर आंख में आंजने की हैं। (१) निंबोली शहत में पीसकर (२) प्याजका रस शहतमें मिलाकर (३) गांवकी मिंगी दो भाग अफीम एक भाग, इसको चिं[illegible] पीसकर (४) [illegible] शहत [illegible]कर (६) [illegible]

मवाद इकट्ठा हो जाताहै वह कभी नाककी तरफ फूट नि-
कलताहै औरकभी पलककी खालको फाडकर बाहर निकाल
आताहै,तथा पलकको दाबनेसे राध निकल पड़तीहै । एक
प्रकारका ऐसा नासूर होता है जिस में पीब बाहर नहीं
निकलती भीतरही भीतर दरद होता रहता है ।

❀ नासूरका इलाज ❀

घावके इलाजके अनुसार देह को मवादसे पाक करके
नासूर पर शियाफ गर्व लगाना चाहिये । इस दवाके लगाने
से पहिले घाव को रूईसे पोंछकर साफ करलेना चाहिये
और सड़े हुए मांस को अस्त्र से वा जंगारी मरहमसे काट
कर साफ कर दे । बिना काटे दवा लगानेसे कुछ न होगा
इससे आराम न हो तो नासूरकी जगह गरम लोहेसे दाग
कर मरहम असफदाज लगा देना चाहिये ।

❀ शियाफगर्वकी रीति ❀

एलुआ.कुन्दरूगोंद, अंजरूत, दम्मुल, अखवैन, अनारके
फूल.सुर्मा,फिटकरी, इन सबको एक एक तोला, जंगार ३
माशा इनको पीसकर गोली बना लेवे और अवश्यकताके
समय पानीमें घोलकर दो तीन बून्द आंखमें टपकावे ।
जब तक सूजन फूटी न हो तब तक मामीसा, केसर,मुर
एलुआ,जली हुई सीपी,इनमें से जो मिलजाय इसीको हरी
कासनी के पानी में मिलाकर लेप करे ।

❀ अन्य उपाय ❀

(१) उरदको चबाकर नासूर पर लगाना गुणकारक है।
(२) कुटी हुई मटर को शहत में मिलाकर लगाना(६)है।

कर कपडे में छानकर लगावे (७) सफेद कत्था और पकु
आ इनको पीसकर नासूर पर रक्खे (८) गिलोय और
हल्दी दोनोंको कूटकर मीठेतेलमें औटाकर कपडेमेंछानकर
नासपर लगावे (९) शहतको औटाकर समुद्रफेन मिलाकर
उसमें रूईकी बत्ती भिगोकर नासूर पर रक्खे (१०) त्रिनी
हुई मसूर और अनारका छिलका दोनोंको समानभागपीस
कर लगावे (११) रसौत, गेरु, जवाहरड़ और पोस्तके डोरे
इनको पीसकर लगावे (१२) हीरा हींग को सिरकेमें घोट-
कर गुन गुना करके लगावे ।

❀ मरहम असफेदाज ❀

चारतोले रोगनगुल में एक तोले मोम पिघला कर इसमें
इतना सफेदा मिलावे कि मिलकर एकगोलासा बनजायाफिर
इसमेंअंडेकी सफेदी मिलादे । कभी कभी थोडासा कपूरभी
मिलादेते हैं । दूसरीविधि यहहै कि केवल सफेदा सफेदमोम
और रोगनगुल इन तीनोंकोही मिलाकर मरहमबनालेतेहैं

❀ नाखुनाका वर्णन ❀

यह रोग आंखके बडे कोएकी तरफ पैदा होता है, कभी
कभी छोटे कोएकी तरफ वा दोनों ओर से होताहै यहां तक
कि पुतलीको भी ढकलेता है । इस रोग पर शियाफ बीभज
शियाफ दीनारगू, ये दवायें काम में आती हैं ॥

❀ शियाफ बीभज के बनाने की रीति ❀

सुरमा नीला और शादनज प्रत्येक ८ मासे, नांद्रीकाअेल
७ मासे, छबीला, कुन्दरगोंद, औरपीपल प्रत्येक २ मासे इ-

न्त निकाल देना चाहिये, यदि कोई कण आंख के परदे पर जमगया होतो आंख में कोकीन लोशन डालकरआंख को पथरा लें फिर किसी बारीक चिमटीसे सावधानी से इस कण को निकाललें यदि आंख में अनबुझा चूना गिर गया होतो तुरन्त आंख को साफ पानीसे पिचुकारी द्वारा धोकर शीतल जलकी गद्दी आंख पर रक्खें अथवाआंख धोने के पश्चात् चार बूंद ग्लीसरिन की आंख में डालदें, यदि लोहेका रेजा आंख में जापडा होतो चुम्बक पत्थर आंख के निकट लेजाय उस रेजे को खैंच लेगा यदि रूष्ण जल तथा अग्निसे नेत्र दग्ध होजायतो रोगन जैतूनऔर चूनेका पानी समभाग मिलाकर उसमें कपडे की गद्दीभिगो कर नेत्र पर रक्खें और उसे तर करते रहें ॥

(२) नेत्र पर चोट लगजाना

यदि चोटसे भौं वा पपोटेपर घाव हो गया होतो स्वच्छ सूत तथा रेशमके तार से सीकर बोरक लोशन से लिन्ट तर करके चोट पर रक्खें यदि जलन होतो कनपटी पर जोंक लगवावें यदि आंखका डेला फूट जाय तो तुरन्त किसी आंखके डाक्टर वा जर्राह से इलाज करावें ॥

(३) आंखका दुखना

रोगीकोरोशनीऔर गर्मीसे बचाकर अन्धेरे कमरेमेंरक्खे अथवानेत्रोंपर हरा या कालाकपडा रक्खेया आंखपरोडकगावे एक एक दोदो घन्टे पीछे नीम गर्म साफ पानी से या हल्के बोरक लोशन से पिचकारी की पिचकारी द्वारा पलक को खोलकर आंखको अच्छी तरह धोते रहें, मैला का

पलकों के किनारों पर थोडीसी वेजीलीन या बोरिक आ-
इन्ट मेन्ट लगा देना चाहिये।

विदित होकि आंखों को जितना साफ रक्खा जायगा उ-
तनाही जल्दी आराम होगा खाने को हलका और जल्द
पचने वाली वस्तु देनी चाहिये गरिष्ट ऊष्ण और वादी
पदार्थों के सेवनसे तथा खटाई और मिठाईसे परहेज करें।

(४) पीपदार, सोज़ाकी अथवा रोहे वाला नेत्ररोग ॥

इन रोगों में पलकों केभीतर छोटे२दाने पैदा हो जाते हैं
आंखकी झिल्ली खुरदरी हो जातीहै और ढीढ निकलती
रहती है यह रोग अधिक पीडित करता है यदि इलाज में
गफलत होजाती है तो धुन्ध होकर दृष्टि बिगड जाती है
इस रोग में स्वास्थ्य रक्षा के नियमोंका भली भांति प्रति
पादन करना चाहिये, और आहार विहार में अधिक साव
धानी रखनी चाहिये:—

प्रथम आंखों में ४ग्रेन प्रति औंसवाला कोकीन लोश
न डालकर और पलकोंको उलट कर (१) कापरसल्फा
स्ट या (२) पांच से बीस ग्रेन प्रति औंसवाला कास्टिक
लोशन पलकों को उलट कर ब्रुशसे लगायें और फिर
आंखों को शीतल जल अथवा बहुत कमज़ोर नमक के
जल से धो डालें और आरगाईरोल लोशन २० सैकडे
वाला सेवन करें।

(नोट) इनमेंसे जो औषधि सेवन करना हो वह प्रत्येक
दिवस सेवन न करें बरिक दूसरे वा तीसरे दिन करें। [illegible]

पलकों के किनारों पर थोडोसी बेजीलांन या बोरिक आ·
इन्ट मेन्ट लगा देना चाहिये।

विदित होकि आंखों को जितना साफ रक्खा जायगा उ-
तनाही जल्दी आराम होगा खाने को हलका और जल्द
पचने वाली वस्तु देनी चाहिये गरिष्ट ऊष्ण और बादी
पदार्थों के सेवनसे तथा खटाई और मिठाईसे परहेज करें।

(४) पीपदार, सोज़ाकी अथवा रोहे वाला नेत्ररोग ॥

इन रोगों में पलकों केभीतर छोटे२दाने पैदा हो जाते हैं
आंखकी झिल्ली खुरदरी हो जातीहै और ढीढ निकलती
रहती है यह रोग अधिक पीडित करता है यदि इलाज में
गफलत होजाती है तो धुन्ध होकर दृष्टि बिगड़ जाती है
इस रोग में स्वास्थ्य रक्षा के नियमोंका भली भांति प्रति
पादन करना चाहिये, और आहार विहार में अधिक साव
धानी रखनी चाहियेः—

प्रथम आंखों में ४ग्रेन प्रति औंसवाला कोकीन लोश
न डालकर और पलकोंको उलट कर (१) कापरसल्फा
स्ट या (२) पांच से बीस ग्रेन प्रति औंसवाला कास्टिक
लोशन पलकों को उलट कर बुर्शसे लगायें और फिर
आंखों को शीतल जल अथवा बहुत कमज़ोर नमक के
जल से धो डालें और आरगाई रोल लोशन २० से हद
वाला सेवन करें।

(नोट) इसमेंसे जो औषधि सेवन करना हो वह प्रत्येक
दिवस सेवन न करें बल्कि दूसरे या तीसरे दिन करें।

चिकित्सा है कि जिस स्थानपर गुहेरी निकलनेकी सम्भावना हो वहांसे पलकोंके एक दो बाल उखाडदे अथवा ठंडे पानी की गद्दी वहां रक्खे वा बर्फ लगावे या २० ग्रीन वाला कास्टक लोशन लगावे यदि फुंसी निकल आवे तो ऊष्ण जलसे या पोस्त के जोशांदे से सेके या पुलटिस बांधे यदि पीप पडजाय तो चीरकर साफ करें और बोरिक लोशनसे खूब धोकर जिंक आइंटमेन्ट जो वैजलीन में बनाया गयाहो लगावें यदि बारबार गुहेरी निकले तो रोगीको एक वा दो जुलाब देने चाहिये पीछे कैलसियम सलफाइड की आधे ग्रीन की गोली दिनमें ३ बार दें और अच्छा भोजन हवा खोरी और नित्यके स्नान से शरीरको शुद्ध रक्खें तब यह रोग दूर होजायगा।

वैद्यक मतसे दांतों के रोगों का वर्णन।

दांतों में निम्न लिखित रोग हुआ करतेहैं:-(१) दालन (२) कृमिदन्तक (३) भंजनक (४) दन्त हर्ष (५) (६) कपालिका (७) श्यावदन्त (८) कराल और (९) हनुमोक्ष इनके लक्षण इस प्रकार हैं।

(१) दालन।

इसरोग में दांतके टूटने के समान पीड़ा होती है, यह रोग वायुके कोप से होताहै।

(२) कृमि दंतक

इसरोगमें दांतों में काले छिद्र होकर दाह होतीहै तथा उनमें से कुछ रुधिर निकलताहै और सूजन होतीहै और बिना कारणही वायुकी सी पीड़ा होती है।

दन्त रक्षक लाक्षादि तैल।

लाख का रस, तिल का तेल, गौका दूध, एक एक पाव, पा-
ठीन लोध, कायफल, मजीठ, कमलगट्टे, कमलकी केसर लाल
चन्दन, मुलहठी इन्हें एक एक टके भर, काढ़ा करे काढेमें
मधुरी आंचपर तेल पकावै जब सब जलकर तेल मात्र रह
जाय तो उतार के रखले इस तेलको घड़ी भर मुख में रक्खे
इससे दांत के समस्त रोग जाते हैं।

कृमि नाशक औषधि।

हींग को थोड़ा गर्म कर दांतों के बीच में भरे तो दांतों
से कृमि नाश हो

❀ अन्य औषधि ❀

काग लहरी, नील की जड, कड़वी तुंबी. इन्हें महीन पीस
दांतों पर मलै तो कृमि दूर हों।

❀ अन्य (मंजन) औषधि ❀

सांभर नमक, नरकचूर, सोंठि, अकरकरा, इन्हें महीन पीस
दांतों में मर्दन करै तो दांतों की खटाई दूरहो।

❀ अन्य मंजन ❀

पांचों नोंन, नीलाथोथा, सोंठि, मिर्च, पीपल, पीपलामूल,
हीरा कसीस, माजूफल, वायविडिंग, इन्हें बराबर ले महीन
पीस दांतों पर मर्दन करे तो दांतके समस्त रोग दूरहों।

❀ मिस्सी ❀

हीरा कसीस, माजूफल, लोहे का चूर्ण, सोना मक्खी, म-
जीठ, फुलाई फिटकरी, त्रिफला, इन्हें महीन पीस कजल सु-

वैदर्भ, (९) खालि वर्द्धन, (१०) आधिमांस, (११) पं-
चनाडी (१२) दन्त विद्रधि ।

❀ रोगों के लक्षण ❀

(१) अकस्मात मसूढे म बदबूदार और काला रुधिर
निकले और मसूढे नरम होजांय, पकने लग, इस प्रकार
कफ तथा रुधिर के दूषित होने से रोग उत्पन्न होता है उसे
शीतादिक कहते हैं ॥

(२) मसूढों में सूजन बहुत हो जांय उसे पुप्पुटरोग कहते
हैं यह कफ रुधिर के कोप से होता है ॥

(३) जिस मसूढे म राध मिश्रित रुधिर निकले दांत
हिलने लगें उसे दन्त वेष्टि कहते हैं।

(४) मसूढे में पीडा सहित सूजन हो कर गिरे और
खाज हो उसे सौषिर नामक रोग कहते हैं और यह कफ
वायु से होता है ॥

(५) दांत हिलने लगे और तालु बैठ जाय वा तालु में
छिद्र होजाय तो उसे महा सौषिर रोग कहते हैं और यह
सन्निपात के कोप से होता है ॥

(६) जिसमें दांतके मसूढे सूज जांय और रुधिर निकले यह
पित्त रुधिर और कफ से होता है इसे परिदर रोग कहते हैं।

(७) मसूढे में दाह होय तथा पक जांय दांत हिलने लगें
मसूढे के दबाने से रुधिर निकले और उसमें पीडा न हो
तथा मसूढे में दुर्गन्ध आवे यह पित्त रुधिर से होता है उसे
उपकुश रोग कहते हैं।

(८) चोट लगने अथवा रगड़ लग जाने से मसूढे में सू-

छाल इन्हें महीन पीस मसूढे पर मलना चाहिये ॥

(२) नागर मोथा, हरडकी छाल, सोंठ, मिर्च, पीपल बाय बिडिंग, नीम के पत्ते इन्हें महीन पीस गोमूत्रमें गोली छायामें सुखाय सोते समय मुँहमें रक्खे।

(३) नीलेफूल का कटसेला, धमासा, खैरसार, जामुन-कां छाल, आमकी छाल, मुलहटी कमल गट्टे इन्हें दोदो टके भर ले १६ सेर पानी में औटावै; चतुरांश रहने पर तेल वा बकरीका घी मधुरी आंच से पकावे जब जलके केवल घी वा तेल रहजाय तो उतार के रखले और दो घडी मुख में रक्खे तो दांत मजबूत हों ॥

(४,५)सौषिर और महा सौषिर रोगोंकी चिकित्सा।

(१) इस रोगमें मसूढे का रुधिर निकलना के लोध नागर मोथा- रसौत को महीन पीस शहद में मिलाके लेप कर पीछे दूधसे कुल्ली करे।

(६,७) परिदर और उपकुश रोगोंकी चिकित्सा

(१) प्रथम मसूढे का रुधिर निकलवाय फिर सोंठि. सरसों त्रिफला के काढा की कुल्ली करें।

❀ (८) वैदर्भ रोगकी चिकित्सा ❀

गूलर के पत्ते, नमक शहद, सोंठि, मिर्च, पीपल इन्हें औटाकर काढा बनावे और इस काढेसे कुल्ली करे फिर मसूढे पर नमक पीसकर लगावे।

(९) खालि, वर्द्धन अधिक [illegible] रोगकी चिकित्सा।

इसरोग में शहद [illegible] कुल्ली करे और तेल [illegible]

चिकित्सा।

जब दांतों में छिद्र होगया हो और पीड़ा अधिक हो दर्द के स्थान को ऊष्ण जल या कारबालिक लोशनसे धोकर पोंछ लिया जाय फिर निम्न लिखित औषधियोंमें से किसी एक औषधि का प्रयोग कियाजाय।

औषधि।

(१) कार बालिक एसिड १ ड्राम, रेक्टी फाइड स्पिरिट १ ड्राम, दोनों मिलकर रुई की फुरेरी उसमें डुबोकर उस फुरेरी को दांत में जहां छिद्रहो भर दें।

(२) क्लोरो फार्म में काफूर या मस्तगी को मिलाकर उसमें रुई तर करके दांतकी सन्धि में रक्खें तो तत्काल दर्द दूर होजाता है।

(३) टिंक्चर आयुडियन और टिंक्चर एको नाईट दोनों को समान भाग लेकर मिलाके लगाना चाहिये यह औषधि मसूड़ेको साफ करकेरुईकेद्वारा उसपर मलनाचाहिये

(४) रुईकी फुरेरीसे निम्न लिखित औषधि भी लगाई जाती है (१) ईथर (२) लौंगतेल (३) दारचीनी का तेल (४) किरसो जूट इत्यादि—

दांत का उखड़वाना।

यद्यपि दांतों के दर्द में और हिलने में दांत का उखड़वा देना एक मामुली बात होरही है परन्तु बहुतेरे डाक्टरों का यह मतहै कि जबतक औषधि के सेवन से रोगके दूर होने की आशाहो तबतक दांत हरगिज नहीं उखड़वाना चाहिये क्योंकि ऐसा करने से कभी२ दांत टूट कर मुंह [illegible]

यूनानी मतसे दांतों की चिकित्सा।

से दर्द
यदि दांत पुगने हों और उन में छिद्र हो जाने
होता हो तो उसे साफ कर के उसमें काफूर और अफयून
समभाग मिलाकर भरदे या अकरकरहा या वाय विडिंग
कान्ली या भंगका बीज, या पियाजका बीज वारीक पीस
कर और ज़रासी रुई में लपटकर उसे गर्म पानी से भिगो
कर दांत के छिद्रमें भरदे या लौंगका तेल या दारु हल्दी
का तेल या अंजीर का दूध इत्यादि लगावे अगर एक या
कई दांतों में पट्ठों का दर्द हो तो गहूंकी भुसी, वाबूनाका
फूल और नमक एक पोटली में डालकर उसे तवे पर गर्म
करके उस से बाहर जबड़े पर सेक करे और अकर करहा
पोदीना, काली मिर्च, प्रत्येक एक २ माशे पीसकर दांतोंपर
मले वाबूना खतमी, मकोटा, अलसी, कोकनार हर एक तीन
तीन माशे आधसेर पानी में काढ़ाकर कुल्ली करे।

उस्त खद्दूस, गाव ज़बान, हंसराज, शाहतरा, अलसी, हर
एक ५ माशे, उन्नाव ७ माशे, सबको पावभर पानीमें औटा
इसमें दीनार का शर्बत मिलाकर पिलावे यदि ग्रंथि आदि
से दर्द हो तो उचित चिकित्सा करे।

दांतों के रोगोंका इलाज

जो दांतों की जड़में गरमी मालूम हो, और मुखमें टेढा
पानी भरने से रोगोंको चैन पड़े, तथा मसूड़े लाल हो जांय
और उनमें सूजन न हो तो सिरका गुलाब मुखमें रखना
चाहिये, यदि दर्द भी अधिकता हो तो सिरके और गुलाब

दांतोंके कीड़ों का इलाज

गंदना के बीज, खुरासानी अजवायन, और प्याज के बीज इनको महीन पीसकर मोम अथवा बकरी की चर्बी में मिलावें, फिर इसको आगपर रखकर इसके धूंएको एक नली द्वारा दांतोंपर पहुंचावे, इससे कीड़े मर कर गिर पड़ते हैं और दरद कम होजाता है।

दांतोंको रक्षाके दस नियम

(१) अजीर्णकारक भोजन, बहुत भोजन, दूध और मछली आदि विपरीत भोजन इत्यादि न करना (२) वमन कराने वाले द्रव्यों का अधिक सेवन न करना (३) सुपारी बादाम, अखरोट, आदि कठोर पदार्थों को दांतों से न चबाना (४) मिठाई आदि अन्य कठोर वस्तुओं का त्याग (५) दांतों को खट्टा करनेवाले पदार्थों का त्याग (६) गरमके पीछे ठंडी और ठंडीके पीछे अत्यन्त गरम वस्तुओं का सेवन न करना (७) दांतोंकी प्रकृतिके अनुसार हानि पहुंचाने वाले द्रव्योंका त्याग (८) भोजन करनेके पीछे दांतोंको खूब साफ करना (९) प्रतिदिन प्रातः काल पीलू जैतून आदि नरम और कड़वी लकड़ीकी दांतन करना और इतना अधिक दांतोंको न रिगड़ना कि जिससे मसूड़े छिल जांय वा दांतोंकी चमक जाती रहे (१०) सोते समय दांतों पर तेल लगाना, गरम प्रकृतिमें गुलरोगन और ठंडी प्रकृति में बकायन वा मस्तगीका तेल चुपड़ना

दांतोंकी खटाई दूर करने का उपाय

... और तुलसी चबाने से दांतोंकी

❀ दांतोंके कीड़ों का इलाज ❀

गंदना के बीज, खुरासानी अजवायन, और प्याज के
बीज इनको महीन पीसकर मोम अथवा बकरी की चर्बी
में मिलावे, फिर इसको आगपर रखकर इसके धूंएको एक
नली द्वारा दांतोंपर पहुंचावे, इससे कीड़े मर कर गिर पड़ते
हैं और दरद कम होजाता है ।

❀ दांतोंकी रक्षाके दस नियम ❀

(१) अजीर्णकारक भोजन, बहुत भोजन, दूध और
मछली आदि विपरीत भोजन इत्यादि न करना (२) वमन
कराने वाले द्रव्यों का अधिक सेवन न करना (३) सुपारी
बादाम, अखरोट, आदि कठोर पदार्थों को दांतों से न च-
बाना (४) मिठाई आदि अन्य कठोर वस्तुओं का त्याग
(५) दांतों को खट्टा करनेवाले पदार्थों का त्याग (६)
गरमके पीछे ठंडी और ठंडीके पीछे अत्यन्त गरम वस्तुओं
का सेवन न करना (७) दांतोंकी प्रकृतिके अनुसार हानि
पहुंचाने वाले द्रव्योंका त्याग (८) भोजन करनेके पीछे दां-
तोंको खूब साफ करना (९) प्रतिदिन प्रातः काल पीलू औ
तून आदि नरम और कड़वी लकड़ीकी दांतन करना और
इतना अधिक दांतोंको न रिगड़ना कि जिससे मसूड़े छिल
जांय वा दांतोंकी चमक जाती रहे (१०) सोते समय दांतों
पर तेल लगाना, गरम प्रकृतिमें गुलरोगन और ठंडी प्र
कृति में बकायन वा मस्तगीका तेल चुपड़ना

❀ दांतोंकी खटाई दूर करने का उपाय ❀

खुर्फाकी पत्ती, इमली और तुलसी चबाने से दांतोंकी

❀ दांतों के हिलने का उपाय ❀

जो दांत बुढ़ापे के कारण हिलने लग गया हो तो उसका इलाज कुछ नहीं हो सक्ता है । और जो युवावस्था में तरी के नष्ट होने से दांत हिलने लग जाते हैं तो तर और चिकनी चीज दांतों पर मलता रहे और गुलाब के फूल, वंसलोचन, मसूर, कस्तूरी, छोटी मांई, इनको महीन पीसकर दांतों की जड़ में बुरकना चाहिये ।

❀ बच्चोंके दांत निकालने का उपाय ❀

जिस बच्चे के दांत निकलने को हों तो मसूड़ों पर कुतिया का दूध मलने से दांत जल्दी निकल आते हैं जो दांत निकलते समय दर्द की अधिकता हो तो हरी मकोयको पानी और गुलरोगन गरम करके उसको उंगली पर लगाकर बालक के मसूड़ोंपर मले और जब दांत निकलने लगें तब फिर गर्दन, कानों की जड़ और नीचे के जाबड़ों पर चिकनाई लगाता रहे तथा तेल गुनगुना करके उसकी एक दो बूंद कानमें डाल दिया करे ।

❀ मसूड़ों की सूजन का उपाय ❀

जो मसूड़े सूजगये हों तो मसूर, सूखा धनिया अनार [illegible] लालचंदन सुपारी और सिमाक़ को पानीमें औटाकर इस पानीसे कुल्ले करावे, सूजन के कम होजाने पर जो सूजनका असर बाकी रहे तो बादामका तेल और गुलरोगन गरम पानी में मिलाकर इससे कुल्ले करे, जो पित्तके कारण से सूजन होती है तो अंगुलीके दबाने पर गढ़ा पड़ जाता है और अंगुली हटाने पर ज्योंकी त्यों होजाती है, इसमें हड़ को

यदिरोगी छोटा लड़का है या अति दुर्बल है तो फस्त नहीं खोलना चाहिये बल्कि पछने लगाकर रुधिर निलवादेना चाहिये; पित्तपापड़े आदिसे तबियत नरमकरना और हल्के पदार्थों का भोजन करना चाहिये, जब मवाद दूर होजावे तब हल्दी, कड़वा बादाम, अनारके फूल, रातीनज, जलाहुआ कागज, माजू अधीरा, के पत्ते, लीला सोसनकी जड़, अकाकिया, कमीला इन्हें सम भागले महीन पीस सिर्का या गुलरोगनमें मिला सिरपर लेप करना चाहिये अथवा हल्दी अनारकी छाल, मुर्दासन महँदी. इन्हें महीन पीस सिर्का या गुल रोगन में मिला लेप करै यह अति गुणकारी है।

सूखी गंजकी चिकित्सा।

सूखीगंजमें सिरके ऊपरसे सफेद झिल्ली उतरतीहै और इसका कारण वादी वाला दोषहै जो खारी तरीमें मिलकर खालमें आजाताहै इसकी चिकित्सा इसप्रकार करनी चाहिये वादीके निकालनेके लिये आकाश बेल, हड़, और पित्त पापड़े का काढ़ादें, और शरीरमें तरी पहुँचाने वाला भोजन करें तथा गर्म पानी अल्सी, खतमी के बीजका लुआब गंजपर डालना ओरमोमका तेल, मुर्गी और बतककी चर्बी लम्बी घीयाका तेल, मीठे बादाम का तेल, बनफ्शा का तेल, और नीलोफरके तेलसे उनको चिकना रखना चाहिये और यही तेल नाक और कानमें डालना चाहिये इनसे अधिक लाभ होताहै तथा फिटकरी, नमक, गूगल एक भाग गुरुर, महुआ, पारा, माजू, हल्दी, अरमन्द, मुर्दासन दो दो भाग सिर्के और गुलरोगन में मिला के अंजन कर सिरपर लेप करना गुणदायक है।

(९) परासके पत्ते पीसकर टिकिया बनाकर फडुवे तेल में जलाकर छानकर गंज पर मलै ।

(१०) धनियां को सिकेंमें पीसकर गंजपर लगावे ॥

(११) चुकन्दर के पत्ते पीसकर गंजपर लगाना लाभकारी है ।

(१२) कवेला, कत्था, गेरू, शोरा, नीलाथोथा, प्रत्येक १ भाग, मुर्दासिंग काली मिर्च, प्रत्येक २ भाग, मेंहदी का पत्ती ४ भाग, सरसों का तेल गर्म करके उसमें मिलाकर गंजपर लेपकरे इससे लड़कोंके गंज और उन फोड़े फुंसियों को जो लड़कों के सिरोंपर बहुधा होते रहते हैं यह लेप विशेष हितकारी है ।

कंठ माला रोग का वर्णन

कंठ माला कंठ अर्थात् गरदन में उत्पन्न होती है तथा कभी २ बगल में भी होजाती है अजीर्ण और भोजनके निकम्मे पाचनसे मवाद होजानेके कारण यहरोग होता है ।

कंठमाला की चिकित्सा

इस रोग में प्रथम वमन और दस्तोंको लाने वाली दवा दे जिस से गाढ़ा कफ निकल जाय और उत्तम तथा नरम भोजन करे । खाली पेट परिश्रम करना लड़ाई भारी भोजन, बहुत अथवा चिल्लाकर बोलना क्रोध करना त्याग देना चाहिये, और रोगीका सिरहाना ऊंचा रखना चाहिये यदि नरम पड़जाय तो अग्नि उत्पन्न करनेवाली औषधि का लेप करे तथा उसके पकाने तथा तोड़ने वाली औषधि का उपाय करे ।

(९) कतीरा ५ भाग अजवायन २ भाग कूट छान कर
नेये की पत्ती का रस निचोड कर खूब मिलाके लेपकरे।

दाद रोग का वर्णन।

खालके ऊपर एक प्रकारका खुर खुरापन उत्पन्न होजाता
है जिसमें दर्द तो नहीं किन्तु खाज होतीहै इसे दाद कहते
हैं यह कभी २ शरीरके प्रत्येक भागोंमें होजातीहै परन्तु बहुधा
पट्टी में अधिक उत्पन्न होतीहै इसका वर्ण लाल अथवा
काला होता है इस रोग के तीन दरजे होते हैं।

पहिला दरजा—रोगके आरम्भ ही को कहते हैं इसका
असर मांसमें नहीं होता।

दूसरा दरजा—इसमें रोगका प्रवाह कुछ मांसमें होजाता है

तीसरा दरजा—इसमें अच्छी तरह मांसमें रोगका असरहो
जाताहै तथा वह गाढ़ा होजाता है अतएव इस रोगकी चि-
कित्सा दरजेवार लिखतेहैं।

॥ प्रथम दरजेकी चिकित्सा ॥

पहिले दरजेका दाद हलके लेपोंसे नष्टहो जातेहैं जो नीचे
लिखे जाते हैं (१) हल्दी सिरका में घिसकर लगावे (२)
रसवत सिरका में घिसकर लगावे, (३) गंधकके तेलकी मालि-
श करै (४) [illegible] को [illegible] (५)
मुर्गी या [illegible] के [illegible] में मिलाकर लगावे

॥ दूसरे दरजे की चिकित्सा ॥

(१) [illegible] लगावे (२) [illegible] और [illegible]
[illegible] पानी में [illegible] लगावे (३) [illegible] भाग और बबूल
का गोंद सिरका में मिलाके [illegible]।

खुजली का वर्णन ।

यह रोग प्रथम बहुधा अंगुलियों में प्रतीत होता है पीछे
से शरीर के अन्य अंगों में भी फैल जाता है इस रोग के
उत्पन्न होने के अनेक कारणों में से रक्त का विकार ही इस
का प्रधान कारण माना गया है यह रोग दूसरे रोगीसे उड
कर भी लग जाता है और ऐसे रोगियोंके वस्त्रादिक स्पर्श
से भी उत्पन्न होजाता है इसी कारण से इसका अधिक ब-
चाव रखनेकी आवश्यकताहै इस रोग के वैद्योंने दोभेद माने
है एक को तर खुजली कहते हैं दूसरी को खुश्क ।

❀ तर खुजली का वर्णन ❀

जिस खुजली में पीले रंग की छोटी २ पानी से भरी हुई
फुंसिया होती हैं और उनमें खुजाने से पानी निकलता है
वह तर खुजली कहलाती है ।

❀ तर खुजली की चिकित्सा ❀

जोकि यह विकार रुधिर के दूषित होनेसे पैदा होता है
इसलिये इसमें वह उपाय करने चाहिये जो रक्त को शुद्ध करें
और यदि उचित जाने तो प्रथम रोगीकी फस्द खोलकर थो
डासा रुधिर निकलवा दे तथा जिस दोष से खुजली का हो
ना निश्चय किया गयाहो उसीके अनुसार दस्त लाने वा-
ली दवा दें जैसे पित्त अधिक होतो बड़ी हर्ड़ सनाय पित्त
पापड़ा अफ संग तीनका काढ़ा खुजली के मवाद को नि-
कालता है और हड़ तथा दन्फसा की गोली तथा अमल
तास का काढ़ा देना योग्य है और मुण्डी का देसारा मु-
रानी खुजली को उखाड़ता है इसकी विधि यह है ६-८ मासे

(२) शहतरा, चिरायता, सर्फोंका, कालीहड़, लाल चन्दन, सफेद चन्दन, मुन्डी, मेंहदी के पत्ते हर एक ५ माशे उन्नाव ७ दाने भिगोकर मल छान कर पिलावे ।

(३) कावली हड़ का वक्कल बहेड़े का वक्कल, आंवला, काली हड़, सरफोंके की पत्ती, अफीम, हर एक ७ माशे शहतरे के पत्ते ३ तोले सबको कूट छानकर गाय के घी में मकरो कर त्रिगुण बूरा मिला कर नित दो तोला सेवन करे ।

(४) नीलाथोथा, सूखा तमाकू हर एक ३ माशे कबीला ७ माशे सफेद चांनी १४ माशे कड़वे तेल में मिलाकर ३ दिन लगावे ।

(५) पालक के बीज, गोस्त के दाने बराबर २ पानी में पीस कर बदन पर मलै और गर्म पानी से स्नान करे खुजली ३ दिन में जाय ।

(६) गेंद के पत्ते और सूखी धतूर की लकड़ी और पोस्त के डोडे बराबर लेकर जलावे और उसकी भस्म कड़वे तेल में मिलाकर मले और थोडी देर धूप में बैठ गर्म पानी से स्नान करे ।

(७) कली थोथा कड़वे तेल में मिलाकर मर्दन करे ।

(८) मेंहदी, सुर्ख रोगन सिर्के मिलाकर मर्दन करे ।

औजार वर्ते जाते हैं उनका पुरा हाल वयान करना इस साधारण ग्रंथ में असंभव है। इस समय हमारी मेज पर कई एक कारखानों के केवल जर्राही अस्त्रों के विवरण की पुस्तकें मौजूद हैं, जिनमें से एक सामान्य ग्रंथकी पृष्ठसंख्या ८५८ है और जिसमें कही हजार चित्र उन औजारों के हैं जो डाक्टरों के इस्तैमाल में आते हैं अस्त्रों द्वारा चीर फाडका काम करना बिना पूर्ण अभ्यास और उचित शिक्षा पाने के सर्वथा अयोग्य है इस काम को वही कर सकता है जिसने किसी मेडिकैल कालेज में रह कर पढा और सीखा है या थोडा बहुत वह भी करलेता है जिसने किसी योग्य जर्राहसे कुछ शिक्षा प्राप्त की हो, अनाडी आदमी को जर्राही अस्त्रों के प्रयोग करने का साहस कदापि न करना चाहिये।

एसपिरेटर (Aspirator)

हुई है ये सलाई गिनती में बारह होती हैं और पोली हुआ
करता है-और इनके अंदर एक तार पड़ा रहता है ये
सलाइयां तीन धातुकी बनाई जाती हैं चांदी, जर्मन सिलवर
और गम इलासटिक- Silver, German Silver, Gum Elastic
इसमें जो टेढ़ा हिस्सा है उस हिस्से को पेशाव के सूराख
में धीरे धीरे पहुंचाते हैं यहां तक कि वह मसाने के अन्दर
चला जाता है फिर उस तारको जो उसमें पड़ा होता है
निकाल लेते हैं। जो पेशाव मसाने में रुका हुआ होता है
वह इस नली के सूराख में होकर नली से बाहर निकल
आता है। पेशाव के रुकने का कारण बहुधा यह होता है
कि सोज़ाकके रोग में पेशावकी नाली में अधिक मांस पैदा
होकर नालीको बंद करदेता है वह मांस के बढ़ने से जो
पेशाव रुकता है वह औषधियों के खिलानेसे नहीं निकल-
सकता उसमें इस यंत्रका प्रयोग करना अत्यन्त आवश्यक
है पेशाव निकल जाने के पश्चात् सलाई बाहर निकाल
लीजाती है इस के लगानेमें रोगी को कोई कष्ट नहीं होता।

हाइड्रोसीलट्रोकार और केन्यूला

(Hydrocele Trocar and canula)

यह यंत्र लोहेका नोकदार होताहै और इसमें पीछे दस्ता
लगा होता है-नोकदार सिरपर एक नोलकी लगी होती है
जिस को कैन्यूला कहते हैं यह यंत्र फोतोंमें भरा हुआ पानी

यह एक यन्त्र का चित्र है जिसमें एक पिचकारी और सुइयां हैं, इस पिचकारी में औषधि की बूंदों के नाप के निशान बने हुए होते हैं इसमें औषधि भरली जाती है और दवा भरने के पीछे इसके सिरेपर सुई लगा लेते हैं उस सुई को जिस जगह पर लगाना हो खाल के नीचे चुभा देते हैं जितनी बूंद औषधि की पहुंचाना हो उतनी ही उसमें पहुंचाई जासकती हैं, फिर खाल को उंगली से दावकर सुई को बाहर निकाल लेते हैं, यह पिचकारी अनेक प्रकार के दर्दों में अनेक औषधियां पहुंचाने के काम में लाई जाती है सिरके दर्द, अर्कुल निसा, गठिया इत्यादि रीढके दर्दों में, वायसूल में दर्द, जिगर में, कूलंज आंतों के सब प्रकार के दर्दों में इस का उपयोग कियां जाता है और कभी कभी बहुत कष्ट की अवस्था में रोगी को नींद लाने और अचेत करने के लिये भी इस का प्रयोग किया जाता है।

टूथ फारसेप्स (Tooth Forceps)

... आकृति के यंत्र द्वारा दांतों के उखाड़

यह एक चक्र का चित्र है जिसमें एक पिचकारी और सुइयां हैं, इस पिचकारी में औषधि की बूंदों के नाप के निशान बने हुए होते हैं इसमें औषधि भरली जाती है और दवा भरने के पीछे इसके सिरेपर सुई लगा लेते हैं उस सुई को जिस जगह पर लगाना हो खाल के नीचे चुभा देते हैं जितनी बूंद औषधि की पहुंचाना हो उतनी ही उसमें पहुंचाई जासकती हैं, फिर खाल को उंगली से दाबकर सुई को बाहर निकाल लेते हैं, यह पिचकारी अनेक प्रकार के दर्दों में अनेक औषधियां पहुचाने के काम में लाई जाती है सिरके दर्द, अर्कुल निसा, गठिया इत्यादि रीढके दर्दों में, बायसूल मे दर्द, जिगर में, कुलंज आंतों के सब प्रकार के दर्दों में इस का उपयोग कियां जाता है और कभी कभी बहुत कष्ट की अवस्था में रोगी को नींद लाने और अचेत करने के लिये भी इस का प्रयोग किया जाता है ।

टूथ फारसेप्स (Tooth Forceps)

यह मेढा सी की आकृति के यंत्र दाढ़ दांतों के उखाड़

ऊपरदिय हुए ७ चित्र मिडवाइफरी फारसेप्स Midwifery Forcep के हैं ये यंत्र सब लोहे के होते हैं जब प्रसव काल में बच्चा पेट के भीतर अटक जाता है और नहीं निकलता है तो इस को योनि में डालकर बच्चे को इस यंत्र से पकड लेते हैं और खींचकर बाहर निकाल लेते हैं यह कार्य्य बड़ी सावधानी के साथ डाक्टर या लेडी डाक्टर द्वारा कराया जाना चाहिये अनाडी से कदापि न कराना चाहिये ।

(६) (५) (४) (३) (२) (१)

ऊपर दिये हुए ६ चित्र भी मिडवाइफरी अर्थात् बच्चा जनाने के प्रयोग में वर्ते जाते हैं इनका भिन्न भिन्न अवस्था में अलग अलग प्रयोग होता है जिसका वृत्तान्त नीचे दिया जाता है ।

(१) यह यंत्र खोपड़ी पकड़ने का है जिसका नाम ([illegible]) के फेलो ट्राइब है ।

दांते हैं जो पथरी को तोड देते हैं। इन का नाम Lithotrite लिथो ट्राइट है।

(५) इस यन्त्र के द्वारा बचे हुए टुकड़े पथरी के निकाल लिये जाते हैं इस का नाम (Lithotomy Forceps) लिथोटोम फारसेप है।

इसके व्यतिरिक्त अनेक प्रकार के नश्तर और सलाई और पिचकारी इत्यादि अस्त्र डाक्टरों के इस्तेमाल में रहते हैं जिनका प्रयोग पूर्व काल में वैद्य लोग भी किया करते थे और जिनका श्री सुश्रुताचार्य ने अपने ग्रन्थ में सविस्तर वर्णन किया है आगे हम उसी आर्ष ग्रन्थ के मत से कुछ अस्त्र शस्त्रों का वर्णन करेंगे।

❋ वैद्यक मतानुसार यंत्रों का वर्णन ❋

यन्त्रों की कोई संख्या नहीं है और यन्त्रों से अधिक हाथ की सफाई को प्रधान माना गया है, यन्त्रों की आकृति और कार्य्य पृथक २ होते हैं बुद्धिमान वैद्य जांहे अथवा डाक्टर अपनी विचार शक्ति की सहायता से जैसा अस्त्र जहां उपयोगी जाने उससे काम ले और इन्हीं विचार के द्वारा नाना भांति के यन्त्र बनाये गये हैं और अद्यापि बनते चले जाते हैं, यन्त्रों के छै प्रकार कहे हैं। (१) स्वस्तिक यन्त्र, (२) संदंश यन्त्र (३) तालयन्त्र, (४) नाड़ी यन्त्र, (५) शलाका यन्त्र, (६) उप यन्त्र।

इनमें से स्वस्तिक यन्त्र के २४, संदंश यन्त्र के दो, ताल यन्त्र के दो, नाड़ी यन्त्र के २०, शलाका यन्त्र के २८ [illegible]

लोग स्वयं विचार कर सक्ते हैं, इन यंत्रों के दो टुकडे होते हैं जो एक दूसरे के साथ एक कील के द्वारा जिसकी घुण्डी मसूर के दाल की सदृश होती है मिलाये जाते हैं इन यन्त्रों से हड्डी और उसके टूटे हुए टुकडे और शल्य इत्यादि शरीर के भीतरसे निकाले जाते हैं और दांत उखाडे जातेहैं।

(२) संदंश यंत्रों के भेद और आकृति।

संदंश यन्त्र संडासी या चिमटी समझना चाहिये यह दो प्रकार के होते हैं एक सनिग्रह और दूसरा अनिग्रह, संडासी सनिग्रह है और चिमटी अनिग्रह, इनकी लंबाई प्रायः १६ अंगुल, ८ अंगुल तथा क्रमानुसार कम वेश होतीहै सनिग्रह के अग्र भागमें और अनिग्रहके पिछले सिरे पर कील या जोड होता है, इन से भी त्वचा शिरा, स्नायु, और मांसमें घुसे हुए शल्य इत्यादि निकाले जाते हैं, काम लेने के पश्चात् इनको खूब धोकर और पोंछ कर बक्सों में रखना चाहिये।

(२) ताल यन्त्रों के भेद और आकृति

एक ताल यन्त्र

द्विताल यन्त्र

कर पत्र और शप शस्त्रों को भी उचित स्थान पर पकडना चाहिये टढा भौंतरा, टूटाहुआ, खरदरी धार वाला वहुत मोटा, वहुत छोटा, ऐसे शस्त्रों को काममें लेना वर्जित है।

शस्त्रों के नाम।

शस्त्र इक्कीस प्रकार के होते हैं जिनके नाम ये हैं:- (१) मंडलाग्र, (२) कर पत्र, (३) वृद्धि पत्र (४) नख शस्त्र, (५) मुद्रिका (६) उत्पल पत्रक, (७) अर्द्ध धार (८) सूची, (९) कुशपत्र, (१०) आटीमुख (११) शरीर मुख, (१२) अन्तर्मुख, (१३) त्रिकूर्चक, (१४) कुठारिका, (१५) व्रीहिमुख. (१६) आरा, (१७) वेतस पत्रक, (१८) वडिश. (१९) दन्तशंकु, (२०) एषणी (२१) कर्तरी

(१) मंडलाग्र शस्त्र।

यह शस्त्र काटने और चीरनेके काममें आता है और पोथकी शुंडका और वर्त्मरोगमें प्रायः वर्त्ता जाता है।

(२) करपत्र शस्त्र।

यह शस्त्र हड्डियोंके काटने और चीरनेके काममें आता है

(३) वृद्धिपत्र शस्त्र।

यह शस्त्र एक प्रकार [illegible] हुआ है अर्बो के सभा सभा

(८) सूची शस्त्राणि ।

यह कई प्रकार की सुइयांहैं जो जख्मों के सीने के काम में आतीहैं, मोटे मांस के सीने में तिकोनी सुई काममें आतीहैं हड्डी और जोडोंके निकटस्थ जख्मोंके सीनेकी सुई चन्द्राकार टेढ़ी होतीहैं इसीतरह मौके मौके के जख्मों में प्रथक प्रथक सुइयां काममें आती हैं।

(९) कुशपत्र शस्त्र ।

कुशपत्र शस्त्र स्राव के निमित्त काममें आताहै इसकी नोंक तेज और धारदार होती है।

(१०) आटीमुख शस्त्र ।

यह शस्त्र भी कुश पत्र के समान होता है परन्तु आकृति में भेद है काम इसका वही है जो कुश पत्र का है।

(११) शरारी मुख शस्त्र ।

मान पैनी होती है यह भेदन के काममें आती है।

(१६) आरा शस्त्र।

यह शस्त्र हड्डियों के काटने के काम में आता है।

(१७) वेतसपत्रक शस्त्र।

यह शस्त्र भी उत्पल पत्रक शस्त्र के समान लम्बे मुखका होता है और छेदन और भेदन के काममें आते हैं।

(१८) वडिस शस्त्र।

इसका मुख अंकुश के समान टेढ़ा होता है और कंई प्रकारके भीतरी व्रणोंके छेदन करने में इसका प्रयोग होता है।

(१९) दन्त कुश शस्त्र।

यह शस्त्र दन्तों के भीतरके शर्करा इत्यादि दूषित मलों के निकालने के काम में लाया जाता है।

(२०) एषणी शस्त्र।

नाड़ी व्रण की सूजन के भीतर की हालत देखने में इस शस्त्र का प्रयोग होता है यह शस्त्र [illegible] कोमल और [illegible]डोये के प्रकार का होता है।

(२१) कर्त्तरी शस्त्राणी।

ये अनेक प्रकार की कैंचियां हैं नख, मूत्र, नाभि, और [illegible] में इनका प्रयोग किया जाता है।

शस्त्रों का वर्णन।

सूर में डालकर उस नालीके बीच नश्तर की नोंक रखकर नासूर चीरा जाता है।

(३) खमदार चाकू।

इसी चाकू से गहरे नासूर खोले जाते हैं नालीदार सलाई की नालीमें इस की नोंक रखकर चीरना शुरु करतेहैं।

(४) मोंटी छुरी।

यह छुरी मरहम या प्लास्टरको फैलानेके काम आती है।

(५) हुक।

यह लोहे के तार का टेढ़ा हुक होता है जब किसी रगसे खून निकलता हो तो इसके द्वारा रगको उठाकर पकड़ते हैं।

(मसूढ़े के नश्तर)

इससे मसूढ़े चीरे जाते हैं।

(७) फोड़े के नश्तर।

इसके दोनों तरफ तेज़ धार होती है इससे फोड़े चीरेजातेहैं।

(८) फस्द खोलने के नश्तर।

इनसे फस्द खोली जाती है और टीका लगाया जाता है।

(९) चिमटी

यह कमानीदार या बिना कमानी के दो तीन प्रकारकी होती है जख्म में से दूषित चीज़ों को पकड़कर निकालने और ड्रेसिंग को जख्म पर से उतारने के काम आती है।

(१०) टेढ़ी सुई।

जख्मों के सीने के काम में आती है।

(११) कैंची।

चमड़ा इत्यादि के कतरने के काम में आती है।

कि उसे ऐसे स्थान से बांधना शुरु किया जाय जहां से वह सरक न सके।

(४) पट्टी बांधते समय उस का रुख भीतर से बाहर की ओर और नीचे से ऊपर की ओर होना चाहिये।

(५) पट्टी बांधते समय उसके लपेट के बीच में कोई स्थान खाली न रहने देना चाहिये।

(६) जिस अंग पर पट्टी बांधनी हो अगर वह एक ढाल का हो तो उस पर पट्टी के सीधे पेच लगाते जाय किन्तु जहां पर अंग की मोटाई आदि में फरक हो वहां पर बलदार पेच लगाना चाहिये बल देने का नियम यह है कि जहां बल देना हो इस स्थान के ऊपरी मुंह पर अपना बायां अंगूठा रखकर दायें हाथ से पट्टी को उलटादें॥

(७) जोडों के स्थान पर अर्थात् घुटने या कुहनी के जोडे पर पट्टी बांधते समय इस प्रकार से लपेट ते हैं कि जोड के स्थान पर अंगरजी के आठ के अंक सदृश आकृति बनजाय इसको डाक्टर लोग फिगर आफ एट बैन्डेज कहते हैं।

(८) कन्धे और कुल्हे के जोड पर भी इसी प्रकार की पट्टी बांधते हैं।

(९) जब एक पट्टी बदली जाय तो जिस अंग पर वह बंधी हुई थी उसको गरम पानी और साबुन से खूब धोकर सुखा देना चाहिये।

(१०) जब सर पर पट्टी बांधनी हो तो बालों में कंघी कर लेनी चाहिये।

❀ बेहोशी की अवस्था में कर्त्तव्य ❀

बेहोश को तत्काल चित लिटाकर उसकी दोनों भुजा धड़ से मिलाकर और दोनों टांग सीधी करके एक दूसरे के साथ मिला देना चाहिये यदि उसका चहरा सुर्ख हो तो उसका सिर थोड़ा ऊंचा करदेना चाहिये जिससे सिर का खून नीचे को आवै यदि उसका मुख पीला मालूम हो तो उसका सिर उसके शरीर से थोड़ा नीचा कर देना चाहिये जिससे खून मस्तिष्क की ओर पहुंच जाय यदि वमन होने की सम्भावना हो तो उसके सिरको एक ओर घुमा देना चाहिये जिससे वमन होने वाली वस्तु हवाकी नाली में जाकर उसका दम बन्द न करदे जिससे मृत्यु होजाने का भय रहता है, उसकी गरदन, छाती और कमर के सब कपड़े ढीले करदेने चाहिये जिससे सांस लेने और रक्त के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, फिर बेहोश के सिर और अन्यान्य अंगों को खूब देखना चाहिये कि कहां कैसी चोट है और उपयोगी चिकित्सा करनी चाहिये।

❀ ज़ख्मों का इलाज ❀

जख्मों के इलाज के कई एक साधारण नियम हैं। (१) खून के प्रवाह को बन्द करना (२) जख्मों [illegible] करना (३) जख्म के कटे हुए छिलकों को बराबर [illegible] देना (४) जो मवाद मौजूद हो उसको निकाल कर [illegible] को मवाद निकलने की राह बना देना (५) [illegible] का

कर कंधेपर गिरह देकर बांधदे फिर स्टिकिंग प्लास्टर का
२ इंच चौड़ा टुकडा लेकर बाजू के गिर्द इसका एक लपेटा
दे लेकिन चिपकने वाली सितह बाहर की तरफ हो फिर
इस लपेटे को सींकर बाकी टुकड़ा पीठ पर से गुज़ार कर
दूसरी ओर के बाजू के पीछे से लाकर टूटी तरफ की क-
लाई को छातीपर रखकर उसपर प्लास्टर के सिरे को चि
पकादें फिर एक और उतना बड़ा टुकड़ा लेकर उस से
कलाई को स्थिर कर और तीसरा टुकडा कोहनी के नीचे
से लाकर चिपकादे ताकि कोहनी उठीरहे। इस हड्डी के
जुड़ने में ५ सप्ताह से अधिक समय लगता है।

टूटी बांह का इलाज।

बांहके लिये गद्दी और तीन तीन अँगुल चौडे स्प्लिन्ट
लेकर एकतो कंधेसे कोहनी के झुकाव तक, एक कंधेकेपीछे
से कोहनी के किनारे तक; एक बगल से कोहनी की भीतर
वाली नोक तक ओर एक कंधे से कोहनी की बाहर वाली
नोक तक बांधी जावे गद्दियां स्प्लिन्टसे दो इंच अधिक
लंबी होनी चाहिये जिससे उनको उलटकर स्प्लिन्टके कि-
नारेसे सींदिये जावें, लकडी का स्प्लिन्ट न मिले तो गत्ते
की नाली आदि काममें लाई जाती हैं॥

उंगलियों के टूटने का वर्णन।

जो उंगली टूटगई हो तो पतली लकडी का एक टुकड़ा
या कडा टुकडा कागज के गत्ते की उंगली के बराबर लेवे
और सीधी तरफ उंगली पर रखकर एक इंच चौड़ी पट्टी
से एक सिरेसे दूसरे सिरेतक बांधदेवे, हाथ एक महीने तक

(४) फिशर्ड फ्रैक्चर, हड्डी का चिरजाना ।

(५) कामी न्यूटैड फ्रैक्चर, हड्डीका टूटकर चूराहोजाना।

(६) मलटीपिल फ्रैक्चर, हड्डी का कई जगहसे टूटना ।

(७) इम्पैक्टैड फ्रैक्चर, हड्डी के टूटे टुकडे का दूसरी हड्डी में घुस जाना ।

(८) लांजी ट्यूडीनल फ्रैक्चर, हड्डी का लम्बाईमें टूटना ।

(९) स्पाइरल फ्रैक्चर; हड्डी का वल खा जाना ।

हड्डी टूटने के परिणाम

हड्डी के टूटने ने के २४ घंटे पीछे हलका ज्वर होजाता है हरारत १०० दर्जे तक रहतीहै यह बुखार २ या ३ दिन में उतर जाता है टूटी हड्डी का इम्तिहान बडी सावधानी से करना चाहिये ।

जोड़ उतरना

जिस तरफ का जोड़ उतरा हो उस तरफ की टांग छोटी होजाती है और जोड़का हिलना और काम देना रुक जाता है अंतमें जोड़ में सूजन होकर पीप पड़ जाता है–यदि जोड़ जल्दी न चढ़ाया जाय तो उसकी हटी हुई जगह में चरबी भरजाती है और दूसरी जगह पैवंद लग जाता है जोड़ चढ़ाने के दो तरीके हैं एक यह कि हड्डी को इस तरकीब से मिलाना कि जिस राह से वह हटी है उसी रा से अपने असली स्थान पर चढ़–दूसरे जब बीच में कोई वस्तु रुकी हुई हो तो उस को सावधानी से अलग कर हड्डी को चढ़ाया जाय ।

... पानी की बोतलें के जघों बगलों और तलुओं में गरम पानी की बोतलें गावें और उसे इसी प्रकार धैर्य्य बँधाते रहें।

❋ बावले कुत्ते का काटना ❋

जब पागल कुत्ता या और कोई पागल जानवर काट खाय तो काटे हुए स्थान से ऊपर टांग या बाजू को खूब जोर से बांधदें फिर तत्काल तेज़ छुरा से वहां दो तीन गहरे चीरे देकर और गरम पानी से धोकर घावों में परमैंगनेट आफ पुटास भरदें और फिर वहां पर गरम पानी अच्छी तरह से धोवें कि वह खूब धुलजाय और तत्पश्चात् घाव को सुखाकर नाइटरेट आफसिलवर या नाइटरेट आफ मरक्री या नाईट्रिक एसिड या कारबालिक एसिड या क्रोमक एसिड या दहकते हुए कोइले से या तेज गरम लोहे आदि से जलादें और तदनन्तर पोल्टिस और मरहम आदि उचित ओषधिओं का प्रयोग करें इसकी चिकित्सा पास्चर इनिस्टी स्यूच कसौली में अच्छी होती है।

❋ बिच्छु का डंक मारना ❋

पहिले सूई या किसी नोकदार चीज़ से बिच्छू का डंक निकाल कर उस पर इन चीजों में से कोइ चीज़ पानी में पीस कर लगादें।

लायकर अमोनिया, एपीकाकपौडर, डोरसपौडर, तमाकू, नमक, कपूर, अफीम, दिया सलाई का मसाला या तारपीन का तेल, मिट्टी का तेल, सिरका इत्यादि और स्पिट अमोनिया एरोमेटिक ३० बूंद या बरांडी तीन चार ड्राम पानी में मिलाकर पिलावें।

लाईकर फीराई परं पर क्लोराइड
और फिर यह औषधि पिलावें आधा
या टिंक्चर फीराई पर क्लोराइड (टिंक्चर स्टील) आधे ग्लास
औंस सोडियम कारबोनेट (या मामूली सोडा) आधे ग्लास
या पाव सवा पाव पानी पर अलग मिलाकर फिर उन दो
नों औषधियों को एक दूसरे में मिलाकर रोगी को पिलावें
और यदि आवश्यकता जानें तो यह औषधि दो तीन
वार पिलावें ।

❀ अफीम का विष ❀

इस विष से सिर में दर्द होताहै नींद आतीहै और धीरे
धीरे चेतन शक्ति जाती रहतीहै, आंखों की पुतलियां सुकड
कर बहुत छोटी होजातीहै अंधेरे उजाले का ज्ञान नहीं रहता
चहरा नीला या पीला पड़ जाताहै बदन ठंडा और पसीना
ठंडा आता है सांस की गति मंद पड़ जाती है और मुख
से अफीम की गंध आती है, नाडी मंदी चलती है ।

चिकित्सा-तुरंत स्टामक ट्यूब लगा कर उदर को
धो डालना चाहिये या डेढ तोला राई का चूर्ण पाव भर
गरम पानी में मिलाकर या ३० ग्रेन जिंक सल्फास अध
पाव गर्म पानी में मिलाकर पिलाना चाहिये जिससे वमन
आजाय (बहुधा अफीम का असर होजाने पर वमनकी
औषधि निष्फल होजाती है और वमन नहीं होती) फिर
वार वार गरम चाय या कहवा पिलावें अफीम का विष
मारने के लिये पुटासियम पर मैंगनेट का बड़ा प्रभाव है
इसकी मात्रा ५ रत्ती है ॥

इति

और फिर यह औषधि पिलावें लाईकर फीराई पर प० क्लोराइड या टिंक्चर फीराई पर क्लोराइड (टिंक्चर स्टील) आध औंस सोडियम कारबोनेट (या मामुली सोडा) आधे ग्लास या पाव सवा पाव पानी पर अलग मिलाकर फिर उन दोनों औषधियों को एक दूसरे में मिलाकर रोगी को पिलावें और यदि आवश्यकता जानें तो यह औषधि दो तीन वार पिलावें ।

ॐ अफीम का विष ॐ

इस विष से सिर में दर्द होताहै नींद आतीहै और धीरे धीरे चेतन शक्ति जाती रहतीहै, आंखों की पुतलियां सुकड़ कर वहुत छोटी होजातीहै अंधेरे उजाले का ज्ञान नहीं रहता। चहरा नीला या पीला पड़ जाताहै बदन ठंडा और पसीना ठंडा आता है सांस की गति मंद पड़ जाती है और मुख से अफीम की गंध आती है, नाडी मंदी चलती है ।

चिकित्सा-तुरंत स्टामक ट्यूब लगा कर उदर को धो डालना चाहिये या डेढ तोला राई का चूर्ण पाव भर गरम पानी में मिलाकर या ३० ग्रेन जिंक सल्फास अध पाव गर्म पानी में मिलाकर पिलाना चाहिये जिससे वमन आजाय (वहुधा अफीम का असर होजाने पर वमनकी औषधि निष्फल होजाती है और वमन नहीं होती) फिर वार वार गरम चाय या कहवा पिलावें अफीम का विष मारने के लिये पुटासियम पर मैंगनेट का बड़ा प्रभाव है इसकी मात्रा ५ रत्ती है ॥

इति

और फिर यह औषधि पिलावें लाईकर फीराई परं पर क्लोराइड या टिंकचर फीराई पर क्लोराइड (टिंकचर स्टील) आधा औंस सोडियम कारबोनेट (या मामूली सोडा) आधे ग्लास या पाव सवा पाव पानी पर अलग मिलाकर फिर उन दोनों औषधियों को एक दूसरे में मिलाकर रोगी को पिलावें और यदि आवश्यकता जानें तो यह औषधि दो तीन वार पिलावें ।

❀ अफीम का विष ❀

इस विष से सिर में दर्द होताहै नींद आतीहै और धीरे धीरे चेतन शक्ति जाती रहतीहै, आंखों की पुतलियां सुकड कर बहुत छोटी होजातीहै अंधेरे उजाले का ज्ञान नहीं रहता चहरा नीला या पीला पड़ जाताहै बदन ठंडा और पसीना ठंडा आता है सांस की गति मंद पड़ जाती है और मुख से अफीम की गंध आती है, नाडी मंदी चलती है ।

चिकित्सा-तुरंत स्टामक ट्यूब लगा कर उदर को धो डालना चाहिये या डेढ तोला राई का चूर्ण पाव भर गरम पानी में मिलाकर या ३० ग्रेन जिंक सल्फास आध पाव गर्म पानी में मिलाकर पिलाना चाहिये जिससे वमन आजाय (बहुत अफीम का असर होजाने पर वमनकी औषधि निष्फल होजाती है और वमन नहीं होती) फिर वार वार गरम चाय या कहवा पिलावें अफीम का विष मारने के लिये पुटासियम पर मेंगनेट का बड़ा प्रभाव है इसकी मात्रा ५ ग्रेन की है ॥

इति

❀ रजका बंद अथवा कम होना ❀

यह रोग दो प्रकार का है एक वह जिसमें रजका पैदा
होना बन्द होजाता है दूसरा वह कि उसके प्रवाह में कोई
रुकावट होजाती है पहिली प्रकारकी बीमारी सदैव निर्बल
और नाजुक मिज़ाज स्त्रियों को हुआ करतीहै कारण उस
का यह होताहै कि उनके शरीरमें इतना रुधिर नहीं पैदा
होता जो उनके शरीर का पोषण करके रज को प्रवाहित
कर सके अर्थात् रज रक्त पैदा ही नहीं होता–दूसरे प्रकार
का रोग अर्थात् रजका रुक जाना यह कभी कभी बल-
वान स्त्रियों को होजाता है उसका कारण रुधिर की ऊ
ष्णता से मूत्रेन्द्रयमें जलन का पैदा होजाना है कभी क-
भी गर्भाशय में घाव होजाने से ऐसा रोग होता है कभी
सर्दी के लग जानेस हैज़ रुक जाताहै कभी अचानक दिल
को सदमा पहुंचने से यह रोग होजाता है कभी शोक और
दुख के कारण होता है ।

❀ चिकित्सा ❀

यदि स्त्री बलवान है तो उसको चलने फिरने का परि-
श्रम करना चाहिये और पुरुषके अधिक प्रसंगसे रोक देना
चाहिये यदि मल कठिनाई से और देरमें आता हो और
कब्ज रहता हो तो कब्ज दूर होनेकी औषधि देना चाहिये
जिस से दस्त साफ़ और खुलकर आने लगे और भोजन
नरम और हलका और कम खाना चाहिये–अगर और
मदिरा का सेवन करती है तो उन से परहेज़ करना

... और जो रक्त निकलता है वह कभी जमा हुआ और कभी टुकड़े टुकड़े जमे हुए निकलते हैं कभी ऐसा प्रतीत होती है कि गर्भ गिर गया है भूख जाती रहती है या कम होजाती है इसके इलाज में बड़ी सावधानी करनी चाहिये और किसी हुशियार लेडी डाक्टर से " स्पीकुयम, वेजाइनी यंत्र द्वारा जो मूत्रेन्द्रिय में डाला जाता है परीक्षा करनी चाहिये उससे यह मालूम होजायगा कि यह रोग घाव के कारण है या किसी गर्भाशय की बीमारी के कारण है उसी के अनुसार चिकित्सा कराना चाहिये यदि जन्मकाल से ही गर्भाशय का मुख संकुचित हो तो उस को यन्त्रद्वारा चौड़ा कराना चाहिये इस रोग में भी कमर तक गरम पानी में आध घण्टे से एक घण्टे तक बैठना हितकारी है एपीकेकवाना एक ग्रेन या आधी ग्रेन एक एक घण्टे के अन्तर से देना फायदेमन्द है कभी २ दश पन्द्रह बूंदें अफीम के अर्क की थोड़े गरम पानी के साथ मिलाकर उसकी पिचकारी गुदामें देना फायदा करती है।

❀ रजका रक्त अधिकता से आना ❀

यह रोग दो प्रकार का होता है एक यह कि जिसमें स्त्री का रक्त अधिकता से निकलता है दूसरा यह कि जिस में गर्भाशय से उत्तम और लाल रंगका रुधिर खारिज होता है इसके लक्षण यह हैं कि हर मास के अन्त में समय से अधिक रक्त आने लगता है और कई दिन तक आता रहता है कभी कभी पूरे महीने तक आता रहता है कभी एक दो तीन सप्ताह के पश्चात् आने लगता है कभी बूंद

से खून का आना बंद हो जाता है हींग ३ ग्रीन अफीम १ ग्रीन पानी २ ड्राम, यदि उपदंश का रोग हो तो उसकी चिकित्सा करनी चाहिये ।

❀ सफेद पानी का निकलना ❀

इस रोग में बहुधा स्त्रियां कष्ट सहन करती हैं कदाचित कोई स्त्री इस रोग से बची होगी यह रोग युवा सुकुमारियों को अधिक होता है प्रथम अवस्था में स्त्रियां इसकी चिकित्साकी परवाह नहीं करती परन्तु बढ कर यह रोग दुसाध्य होजाता है उस वक्त गरमी और जलन प्रतीत होने लगती है अधिक पुराना होजाने पर दर्द और जलन नहीं रहते परन्तु सफेदी बदस्तूर जारी रहती है स्त्री बहुत दुर्बल हो जाती है दिल धडकता है कमर और पीठमें दर्द होने लगता है तपेदिक और सिल का रोग होजाता है पाचन शक्ति नाम को भी नहीं रहती पानी कभी कभी कई रंग का बहता है कभी दो रंग होता है कभी दूध के तुल्य सफेद कभी पीला और कभी पीप के सदृश होता है दिन में कितने ही कपड़े तर होजाते हैं इस रोग के पैदा होने के कई एक कारण हैं बहुधा प्रसव के पश्चात् शुरू होता है सरदी में गर्म वस्त्रों का पूरे तौर पर न पहिनना जूते का न पहिनना रज का बारम्बार आना स्त्री पुरुष का अधिक काल तक एकत्र रहना इस रोग के पैदा होने का कारण है ।

❀ चिकित्सा ❀

प्रथम रोग का कारण निश्चय करें तत्पश्चात् वह कारण दूर करें जो यह रोग प्रबल होगया हो गर्मी जलन और

❀ खाने की औषधि ❀

समुन्दर सोख २ तोला छोटी और बड़ी माई २ तोला
पलंग तोड २ तोला धावे के फूल २ तोला कमरकस २ तोला
कच्ची खांड २ तोला सबको कूट छान कर चौदह पुडिया बनावें
और सुबह और शाम खाना खाने के एक घण्टा पीछे एक
एक पुडिया गाय के दूध के साथ खाना चाहिये।

❀ प्रसव काल का कष्ट दूर करने और सरलता से ❀
❀ पैदा होने के प्रयत्न ❀

नीचे लिखी हुई औषधि उस हालत में देनी चाहिये जब
कि बच्चा होने में बहुत देर होगई हो या पेट में मरजाने
की सम्भावना हो इसके प्रयोग से यदि बच्चा पेट में मर भी
गया हो तो शीघ्र निकल आवेगा।

(१) अजमोद को घोट कर उसमें से रस निकालें और
इस रस में सनके वस्त्र को तर करें और गर्भाशय के मुख
तक उस वस्त्र को पहुंचादें।

(२) उपरोक्त रस के पिलाने से भी वही लाभ होताहै।

(३)गन्दना के रसको गरम पानी में मिलाकर पिलाने
से भी फौरन लड़का बाहर आ जाता है।

(४) खजूर की गुठलियों को बारीक पीस कर मैदा
करें इस में से आधा ड्राम १ तोला अंगरेजी शराब के
साथ पिलादें।

(५) क्लोरल हाईड्रेट २० ग्रेन बच्चा होने से पहिले
घण्टे घण्टे के बाद देना चाहिये।

आ पैदा होने के कुछ घण्टे या कई दिन के पीछे हुआ
ता है यह बड़ा भयंकर है यदि इसका उपाय तुरन्त न
या जाय तो वह स्त्री की मृत्यु का कारण होजाता।

❀ रोग के कारण ❀

प्रसव के पीछे गर्भाशयका ठीक तौर पर न सिकुडना
ओर ढीला और फैला हुआ होना इस का एक कारण है
आंवलका जल्दी निकालनेके लिये हाथसे पकड़कर खींच
लेना दूसरा कारणहै तीसरा कारण आंवलका टुकड़ा गर्भा
शय के भीतर रहजाना है।

❀ अन्यान्य कारण यह हैं ❀

बच्चे का जल्द पैदा हो जाना और उस वक्त गर्भाशय
पर हाथ से दबाव न रखना जच्चा का जल्दी चलने फिर
ने लग जाना मल मूत्र के त्यागने के लिये जोर करना प्र-
सव कालमें गर्भाशय के भीतर घावका होजाना जच्चाका
अधिक गरम मकान में रहना और अधिक गरम वस्तुओं
का सेवन करना।

❀ रोग के चिह्न ❀

अधिक रुधिर निकल जाने से चहरा पीला और हाथ
पांव ठंडे होजातेहैं पसीना ठंडा आताहै नाडी बारीक और
तेज चलती है आंखों के सामने अंधेरा आजाता मूर्छा
आजाती है शरीर कांपने लगता है।

❀ चिकित्सा ❀

स्त्री को आराम से चार पाई पर चित्त लिटावें और कि-

दूध नहीं पिलाना चाहिये और उस पर यह मरहम लगा-
ना चाहिये। जिंक अक्साइड एक ड्राम या बिस्मिथ एक
ड्राम वैजेलीन एक औंस में मिलाकर मरहम बनावें।

❀ चेचक माता या शीतला ❀

यह एक प्रकार का ज्वर है इसके आदि में जाड़ा आता
है फिर अधिक ज्वर आजाता है और ज्वर के आने से ४८
घण्टे पीछे शरीर पर लाल लाल दाने निकल आते हैं इस
रोग की छूत किसी दूसरे रोगी के वस्त्रों के स्पर्श करने से
या हवा के द्वारा आरोग्य आदमी में असर कर जाती है यह
रोग बच्चों को अधिक होता है जिनको टीका नहीं लगा
होता है या अच्छा टीका नहीं लगता है उनको होजाता है
इस रोग का बढाव प्रायः १२ दिन तक रहता है तीसरे चौथे
दिन इन दानों में पानी भर जाता है पांचवें दिन प्रत्येक
दाने के चारों ओर सुर्खी झलकने लगती है छटे दिन नाक
मुंह कंठ और पपोटों के भीतर दाने निकल आते हैं आठवें
दिन दानों के भीतर का पानी गाढ़ा होकर पीप बन जाता
है और उनकी नोकें उभर आती है इस दिन फिर बड़े जोर
का ज्वर होजाता है १०४ और १०५ डिग्री की हरारत हो
जाती है दम लेने और निगलने में कष्ट होता है चहरा
और आंखें सूज जाती हैं रोगी बर्राने लगता है दसवें ग्यार
वें दिन दाने मुरझाने लगते हैं ग्यारवें दिन से चौदवें दिन
तक उनपर खुरंड बन जाते हैं इक्कीसवें दिन यह खुरंड उतर
जाते हैं और फिर खाल पर से छिलका सा उतर जाता है।

इस रोग से कभी २ और रोग भी पैदा होजाते हैं।

रोग भी रोग का प्रभाव कम करने के लिये और
तकलीफ घटने के लिये औषधियां देते हैं परन्तु उनका
प्रयोग बिना किसी उत्तम चिकित्सक के नहीं करना चाहिये ।

❀ मोती झरा ❀

यह भी छूत का रोग है इसमें पहिले हलका ज्वर होता है
और उसके २४ घण्टे पीछे पीठ और छातीपर सुर्ख सुर्ख
दाने निकल आते हैं ।

❀ रोग का कारण ❀

इस रोग की छूत का समय बचपन है दूध पीने वाले
प्रायः ४ वर्ष से कम उमर के बच्चे बहुधा इस रोगमें ग्रस्त
होते हैं चार वर्ष से लेकर १२ वर्ष तक की उमर के बच्चों
को यह रोग बहुत कम होता है १२ वर्ष से अधिक उमर
वालों को यह रोग कभी २ होताहै इस रोग की अवधि लग
भग १२ दिन की होती है पहिले साधारण ज्वर होता है
जिसके २४ घण्टे बाद गरदन, पीठ, और छाती पर कुछ
सुर्ख दाने निकल आते हैं जिनमें १२ से २४ घण्टे के अंदर
साफ पानी भर जाताहै तीसरे दिन दाने पककर पांचवें या
छटवें दिन सूख जातेहैं और सातवें आठवें दिन खुरंड झड़
कर वहां गुलाबी दाग रह जातेहैं यदि सब दाने एकही बार
निकल आवें तो रोग एक सप्ताह में ही दूर होजाताहै किन्तु
दाने प्रायः दूसरे तीसरे दिन चालिस कभी २ चौथे पांचवें
दिन तक भी निकलते रहते हैं इसलिये रोग के दूर होने
में अधिक देर लग जातीहै इस रोग के [illegible] किसी
रोग के होने की सम्भावना नहीं है ।

के नाक, मुख, और पसीने के जल में पाया जाता है यह
कीट सूक्ष्म दर्शी यंत्र द्वारा देखा गया है छूत का माद्दा
वस्त्रों, बरतनों, पुस्तकों, और चिट्ठियों इत्यादि के द्वारा
तनदुरुस्त मनुष्यों तक पहुंच सक्ता है यह रोग भी बहुधा
बच्चों को होता है।

❀ रोग के लक्षण ❀

छूत लगने के १० दिन पीछे रोग के चिह्न आरम्भ हो
जाते हैं प्रथम जाड़ेसे ज्वर, सिरमें दर्द जुकाम होजाता है उ-
बकाई और छींक आती हैं आवाज़ बैठ जाती है तीसरेसे
आठवें दिन तक पहिले चहरे पर फिर सब अंग पर दाने
पैदा करे जाते हैं ज्वर घट जाता है सातवें आठवें दिन दाने
मुरझा भुसीसी उड़ने लगती है दश दिनमें ज्वर जाता र-
हता है यदि और कोई रोग शामिल हुआ तो देर में जाता
है कभी २ यह रोग असाध्य होजाता है बदन पर सियाह
दाग पड़जाते हैं पेटमें दर्द और काले रंगके बदबूदार दस्त
आते हैं और रोगी मरजाता है।

❀ चिकित्सा ❀

इस रोग के दिनों में जुकाम के लक्षण प्रतीत होते हो
रोगी को अलग कमरेमें ठंडी हवा से बचाकर रक्खे बाहर
न निकलने दें अन्य निरोग बच्चों को उस के पास आने
जाने न दें प्यासमें ठंडा पानी या लेमुनेड दें ज्वरकी अधि-
कता में जब कि हरारत १०२ दरजे से अधिक हो हरारत
घटाने के लिये ठंडे पानी या गुनगुने पानीमें स्पंज या न-
रम कपड़ा भिगोकर निचोड़ कर उससे बदन को पोंछ दें.

❀ चिकित्सा ❀

रोगी को सरदीसे बचाये रक्खें और चार पांच दिन तक बिस्तर पर लिटायें रहैं उदर को मलसे स्वच्छ करने के लिये कुछ औषधि देकर कब्ज न होनेदें उदर इस औषधि से स्वच्छ होता है (१) मेगनेशिया सलफास ४ ड्राम टिंकचर सना २ ड्राम, पानी ४ औंस तक सब को मिलाकर प्रातः काल पिलावें—तत्पश्चात् (२) सिरप फेरी आयोडाई १ ड्राम, एक औंस पानी में मिलाकर सुबह श्याम देते रहें।

यदि रोग अंडकोष की ओर चला जाय तो कानके पीछे असल रोगके स्थान पर राई या प्लास्टर लगाकर सूजिश पैदा करें जिससे रोग अपने असल स्थानपर आजावे यदि वरम अधिक हो तो उस पर कई जौंके लगवाव नहीं तो टिंकचर आयोडियन दिन में तीन चार बार लगाया करें या उसे फलालैन से सेंक कर उस पर बेलाडाना ग्लीसरीन का लेप कर के ऊपर से गरम रुई रख कर बांधदें और यदि गांठों में पीप पड़जाय तो चीरा देकर उस की उचित चिकित्सा करें भोजन हलका जल्द पचने वाला जैसे बारलीवाटर, दूध, आरारोट साबूदाना आदि दें।

❀ ताऊन, प्लेग या महामारी ❀

यह एक प्रकार का छूत से लगने वाला तीव्र वबाई ज्वर है जिसमें अंगकी बगल और जांघ और कान के नीचे की गिलटियां सूज जाती और पकजाती है अथवा फोड़े नि-कल आते है इस रोग का कारण डाक्टर लोगों ने एक कीट ख़्याल किया है इस रोग के अनेक रूप हैं एक रोग [illegible]

❀ नुसखा ❀

पारक्लोराइड आफ़ मर्करी अर्थात् रस कपूर ४ ड्राम, हाइड्रो क्लोरिक एसिड अर्थात् नमक का तेजाब, एनी लिन बिलू अर्थात् नीला रंग ५ ग्रीन, पानी ३ गेलन, रस कपूर को पानी में मिलाकर पीछे तेजाब नमक का और रंग मिलावें यदि तेजाब नमक न मिले तो उसके स्थान में खाने का नमक आधी छटांक डाल दें और फिर काम में लावें यह दवा बवाई कीट के नाश करने के लिये बड़ी ही लाभदायक है।

❀ चिकित्सा ❀

जब कोई मनुष्य इस रोग में ग्रसित होजाय तो यह औषधि लाभदायक होगी।

(१) नुसखा

लाइकर एमोनिया एसीटेटम १ ड्राम, स्पिरिट एमोनिया एरोमेटिक २० बूंद स्पिरिट ईथर नाईटर २० बूंद, स्पिरिट क्लोरो फार्म ५ बूंद, टिंचर डैजी टेलस ५ बूंद, ब्रांडी २ ड्राम एकुआ कैमफर १ औंस, ऐसी एक खुराक हर छटे घंटे दें यह औषधि तेज ज्वर में बहुत हितकारक है।

(२) नुसखा

लाइकर हाईड्रार जीरा इास्क्लोराई डाई ३० बूंद, टिंचर सिन कौना ४०. बूंद टिंचर स्ट्रोफेनथस ४ बूंद, स्पिरिट कै मफर १० बूंद, एकुवा कैमफर १ औंस। ऐसी एक खुराक दिन में तीन चार बार दें जब बुखार

नीबू, सेब, खट्टा अनार, या सन्दल इनमें से जिस चीज़ का शर्बत मिल जाय उसको पानी में मिला कर बर्फ से ठंडा करके पिलावें दिलकी कमज़ोरी और हाथ पैर की जलन दूर करने के लिये चन्दन और कपूर गुलाब जल में घिसकर और उसमें कपूर तर करके छाती पर रक्खें और दवाउल मुश्क या याकूती इत्य खिलावें।

दर्द सर और बकवाद के दूर करने के लिये सिर का, गुलाब और गुलरोगन में कपड़ा तरकर के रोगी के सिरपर रक्खें और चन्दन या खसके इत्र या कपूर का लखलखा सुघावें—गिलटियों पर बकायन या नीम के पत्तों की पुलटिस बांधें या आक का पत्ता या घीगुवार का गूदा गर्म करके बांधें जब गिलटियों में पीप पड़ जाय तो नश्तर देकर उस को साफ करादें और घाव के भरने का मामूली इलाज करें।

इति श्री जर्राही प्रकाश पांचों भाग समाप्तम्।

श्री चौथमल्ल ग्रन्थमाला का पुष्प नं. ७

॥ श्रीमतेऽर्हते नमः ॥

श्री जैन पद्य-रामायण

संशोधकः—

श्रीमज्जैनाचार्य श्री चौथमल्लजी म० सा० के सम्प्रदायस्थ
स्थविरपद विभूषित पूज्य गुरुदेव श्री शार्दूलसिंहजी
महाराज साहब के प्रधानशिष्य मुनि
श्री रूपचन्द्रजी महाराज

संग्राहक व प्रकाशकः—

जैनोपदेशक वैद्य धूलचन्द सुराणा,

मु० पो० पीपाड़ सीटी (मारवाड़)

मुद्रकः—

पं. बालकृष्ण उपाध्याय,

नारायण प्रिंटिंग प्रेस, ब्यावर (राजपूताना)

विक्रमार्क १९९७
वीराब्द २४६७
चौथ संवत् ११८

प्रथमावृत्ति
१०००
मूल्य २।) रु०